


# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 18 मई 2025

संवत 2082, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष-05 - मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 253 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ यमुनोत्री मंदिर से शुरु होती है चारधाम की यात्रा

मां को खोने के बाद पूरी तरह से टूट गयी थी जैकलीन ◂◂ 6


# चारमीनार के पास बहुमंजिला इमारत में आग, 17 की मौत

- मरने वालों में 8 बच्चे भी शामिल, 10 घायल, शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका

एजेंसी

**हैदराबाद :** रविवार सुबह हैदराबाद के चारमीनार इलाके में स्थित गुलजार हाउस के पास एक बहुमंजिला इमारत में भीषण आग लगने से कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों लोग झुलसकर घायल हो गए हैं। यह दर्दनाक घटना सुबह करीब 5 से 6 बजे के बीच की है, जब अधिकांश लोग गहरी नींद में थे।

सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 11 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और राहत व बचाव कार्य शुरू किया गया। आग पर काबू तो पा लिया गया है, लेकिन अफसोसजनक रूप से 17 लोगों को नहीं बचाया जा सका। वहीं, घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाने के लिए 10 एंबुलेंस को मौके पर बुलाया गया।

दमकल कर्मियों ने अब तक तीन बच्चों सहित कुछ लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला है। सभी गंभीर रूप से झुलसे हुए हैं और अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इमारत में करीब 30 लोग रह रहे थे, जिनमें ज्यादातर किराएदार थे। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। शुरूआती जानकारी के अनुसार, अत्यधिक गर्मी के कारण सभी एसी एक साथ चल रहे थे, जिससे वायरिंग गर्म हो गई और संभवतः शॉर्ट सर्किट हुआ। चिंगारी ने कुछ ही पलों में पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय निवासी बताते हैं कि आग इतनी तेजी से फैली कि लोगों को बाहर निकलने का मौका भी नहीं मिला। कई लोग धुएं में दम घुटने से बेहोश हो गए, जिनमें से कुछ को अब भी तलाशा जा रहा है। पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर डटी हुई हैं। इमारत की तलाशी का काम जारी है और पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दे दिए हैं। इस हादसे ने शहरवासियों को झकझोर कर रख दिया है और अब सवाल उठ रहे हैं कि क्या इमारत की सुरक्षा व्यवस्थाएं पर्याप्त थीं।



### पीएम मोदी ने जताया दुख, मुआवजे का ऐलान



**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को हैदराबाद के चारमीनार में भीषण आग हादसे में झुलसे लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। पीएम मोदी ने पीएमएनआरएफ से मृतकों और पीड़ितों के लिए सहायता राशि का ऐलान किया है। पीएम मोदी के आधिकारिक एक्स हैंडल से मुआवजे का ऐलान किया गया है। लिखा गया- आग की घटना में लोगों की मौत से बहुत दुखी हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति संवेदना जाहिर करता हूं। घायलों/झुलसे लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। पीएमएनआरएफ से प्रत्येक मृतक परिजनों को 2 लाख रुपये की राशि दी जाएगी, वहीं घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

### सेंट्रल इंडस्ट्री में लगी भीषण आग, तीन की मौत, फैक्ट्री मालिक का परिवार अंदर फंसा



**सोलापुर :** सोलापुर के एमआईडीसी स्थित सेंट्रल इंडस्ट्री में भीषण आग लग गई है। इस अग्निकांड में तीन लोगों की मौत हो गई है जबकि फैक्ट्री मालिक का परिवार अंदर फंसा हुआ है। बताया जा रहा है कि कुल 4 लोग अभी भी फैक्ट्री के अंदर फंसे हुए हैं। वहीं आग पर काबू पाने के लिए दमकलकर्मी लगातार कोशिश कर रहे हैं। फिलहाल आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। जान्कारी के मुताबिक रात करीब तीन बजे अक्कलकोट रोड पर स्थित एमआईडीसी के सेंट्रल इंडस्ट्री में आग लगी। पूरा कारखाना धूं-धूं कर जलने लगा। आग की लपटें दूर-दूर तक दिखने लगी। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने की कोशिश करने लगीं।

# अमेरिका में तूफान का कहर 27 की मौत, बिजली आपूर्ति ठप

एजेंसी

**वॉशिंगटन :** अमेरिका के कई राज्यों में बीते 48 घंटों के भीतर भीषण तूफान और टॉरनेडो का कहर देखने को मिला है। इस आपदा में अब तक 27 लोगों की मौत हो चुकी है। सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य केंटकी, मिसौरी और नॉर्थ वर्जीनिया रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, केंटकी में 18, मिसौरी में 7 और नॉर्थ वर्जीनिया में 2 लोगों की जान गई है। प्रशासन ने आशंका जताई है कि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है क्योंकि राहत और बचाव कार्य अब भी जारी है। तूफान की वजह से शनिवार सुबह तक अमेरिका के 12 राज्यों में करीब 6.60 लाख घरों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। तूफान के दौरान 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं, जिससे कई मकानों की छतें और दीवारें उड़ गईं। शहर के शहर मलबे में तब्दील हो गए हैं और हजारों लोग बेघर हो चुके हैं। प्रभावित इलाकों में लोगों को राहत शिविरों में शरण दी जा रही है।



विशेषज्ञों के मुताबिक यह तूफान अपनी रफ्तार और ताकत के चलते भीषण टॉरनेडो में तब्दील हो गया। इसके चलते मिसौरी, केंटकी, टेनेसी, नॉर्थ वर्जीनिया, ओक्लाहोमा, अर्कांसस और इलिनॉय जैसे राज्यों में भारी नुकसान हुआ है।

हालांकि राहत की बात यह है कि मौजूदा टॉरनेडो सिस्टम अब धीरे-धीरे कमजोर पड़ रहा है, लेकिन मेक्सिको बॉर्डर के पास एक और गंभीर तूफान बनने की संभावना जताई गई है। इसके कारण अमेरिका के दक्षिण-पश्चिमी हिस्सों में 2 करोड़ से ज्यादा लोगों के प्रभावित होने की आशंका है। प्रशासनिक एजेंसियों और राहत दलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। प्रभावित क्षेत्रों में बचाव कार्य तेजी से जारी है। वहीं, मौसम विभाग ने नागरिकों को अगले कुछ दिनों तक सतर्क रहने की सलाह दी है, क्योंकि तेज हवाओं और भारी बारिश की संभावना बनी हुई है।

# जासूसी के आरोप में ज्योति मल्होत्रा गिरफ्तार

- जांच में यू-ट्यूबर का पाकिस्तानी अधिकारी से कनेक्शन का खुलासा

एजेंसी

**नई दिल्ली:** हरियाणा की रहने वाली यू-ट्यूबर ज्योति मल्होत्रा, जो 'ट्रैवल विद जो' नाम से ट्रैवल व्लॉग चैनल चलाती हैं, को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यू-ट्यूबर पर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों को संवेदनशील जानकारी मुहैया कराने का आरोप है। गिरफ्तारी के बाद ज्योति के वीडियो की जांच की गई और एक वीडियो में यूट्यूबर के भारत में उच्चायोग में एक पाकिस्तानी अधिकारी के साथ संबंधों का खुलासा हुआ।

**ज्योति के वीडियो में क्या था?**

पिछले साल, मल्होत्रा ने इफ्तार डिनर में शामिल होने के लिए पाकिस्तान उच्चायोग से मिले विशेष निमंत्रण को स्वीकार किया था। इसके बाद उन्होंने इस कार्यक्रम का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह उच्चायोग के एक अधिकारी के साथ सहजता से बातचीत करती दिखाई दे रही हैं, जिसे वह दानिश के रूप में पहचानती हैं, जिससे पता चलता है कि उनके बीच पहले से ही जान-पहचान थी।



### ज्योति की पाकिस्तानी खुफिया अधिकारियों से मुलाकात

सरकार ने जासूसी के आरोप में एहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश को अवांछित घोषित कर दिया और 13 मई को उसे देश से निकाल दिया। जांच से पता चलता है कि मल्होत्रा ने 2023 में पाकिस्तान की यात्रा के दौरान कमीशन एजेंटों के माध्यम से वीजा प्राप्त करके दानिश के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए। आरोप है कि दानिश ने ही बाद में मल्होत्रा को कई पाकिस्तानी खुफिया अधिकारियों (पीआईओ) से मिलवाया था। जांच से पता चला है कि ज्योति ने दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग में दानिश के साथ कई बैठकें कीं और पाकिस्तानी खुफिया अधिकारियों से संपर्क बनाए रखा। उसने कथित तौर पर व्हाट्सएप, टेलीग्राम और स्नैपचैट जैसे प्लेटफॉर्म के जरिए पाकिस्तानी व्यक्तियों और एजेंटों से संवाद किया और उन तक संवेदनशील जानकारी पहुंचाने का आरोप है।

### 20 रुपए के नोट बदलेगा आरबीआई

**नई दिल्ली :** अगर आप भी अपने पास कैश रखते हैं तो यह आपके लिए बेहद जरूरी खबर है। दरअसल, भारतीय रिजर्व बैंक 20 रुपए के पुराने नोटों को बदलने जा रहा है। आरबीआई जल्द ही महात्मा गांधी (नई) सीरीज में 20 रुपए के नए नोट जारी करेगा, जिन पर नए गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। आरबीआई ने इसकी घोषणा करते हुए यह स्पष्ट किया है कि नए नोटों का डिजाइन पहले से प्रचलित नोटों के जैसा ही होगा। साथ ही केंद्रीय बैंक ने यह भी स्पष्ट किया है कि पहले से चल रहे 20 रुपये के सभी नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। नए नोटों का रंग, आकार, सिक?योरिटी फीसर्च और एलोरा की गुफाओं का चित्र पहले जैसा ही रहेगा। बता दें कि 20 रुपये के नए नोटों में मुख्य बदलाव सिर्फ गवर्नर के हस्ताक्षर का है। दरअसल, यह बदलाव आरबीआई के गवर्नर के बदलने के बाद एक सामान्य प्रक्रिया है। संजय मल्होत्रा 11 दिसंबर 2024 को आरबीआइ गवर्नर बने थे। अगर बात पहले से प्रचलित 20 रुपए के नोटों की तो वह सभी मान्य रहेंगे। चाहे उन पर किसी भी गवर्नर के हस्ताक्षर हों। पुराने नोटों का इस्तेमाल लेन-देन में किया जा सकता है।

असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान को लगाई लताड़, कहा-

# पाकिस्तान मानवता के लिए खतरा

एजेंसी

नई दिल्ली: एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को एक इंटरव्यू दिया। इसमें उन्होंने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बात की। उन्होंने कहा, कश्मीरी मुसलमानों ने इस (पहलगाम हमले) की खुलकर निंदा की है। वास्तव में, यह केंद्र सरकार, प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। उन्हें इस अवसर का सही तरीके से उपयोग करना चाहिए। आपको पाकिस्तान का सामना जरूर करना चाहिए, लेकिन आपको कश्मीरियों को भी अपनाना चाहिए। उन्हें (कश्मीरियों को) उनके अधिकार मिलने चाहिए, देश के अन्य हिस्सों में कश्मीरी छात्रों पर हमला नहीं होना चाहिए। ओवैसी ने इंटरव्यू में आगे कहा, आप पहलगाम (आतंकी हमले) पर राजनीति कैसे कर सकते हैं। मैं उस महिला के बारे में सोचकर वाकई बहुत दुखी हूं जो अपने पति के शव के पास बैठी थी। आप इसे कैसे स्वीकार कर सकते हैं? राजनीतिक रूप से, हम (एआईएमआईएम) बीजेपी की विचारधारा से लड़ते रहेंगे। लेकिन जब आप देश में आते हैं और देश के नागरिकों को मारते हैं, तो इसमें मेरे राजनीतिक वैचारिक मतभेद का कोई सवाल ही नहीं उठता? उन्होंने आगे कहा, लेकिन प्रधानमंत्री को युद्ध विराम की घोषणा करनी चाहिए थी, न कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को। अच्छा होता अगर पीएम मोदी ने इसकी घोषणा की होती।



हैदराबाद के सांसद ओवैसी ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद की स्थिति पर चर्चा की और कहा कि आतंक और विभाजन को बढ़ावा देने में पाकिस्तान की भूमिका के कारण भारत का धैर्य खत्म हो चुका है। असदुद्दीन ओवैसी ने ने कहा कि आतंकवाद को प्रायोजित करने का पाकिस्तान का लंबा इतिहास है और यह देश मानवता के लिए खतरा बन गया है। ओवैसी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कई देशों के दौरे पर भेजे जा रहे सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से एक के सदस्य के तौर पर यह अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए उनके संदेश का सार होगा। हैदराबाद से सांसद ओवैसी ने कहा कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा लंबे समय से निर्दोष नागरिकों की हत्या के बारे में दुनिया को बताना होगा। उन्होंने कहा, भारत ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का काफी दंश झेला है। हम सभी ने तमाशा देखा है, जिया-उल-हक के समय से लोगों का कत्लेआम देखा है।

# लॉन्चिंग के तीसरे चरण में फेल हो गया ईओएस-09,इसरो प्रमुख बोले- हम वापसी करेंगे

एजेंसी

**श्रीहरिकोटा :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का ईओएस-09 मिशन तीसरे चरण में चूक गया। इसकी जानकारी इसरो प्रमुख डॉ वी नारायणन ने दी। इसे पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (पीएसएलवी-सी61) से लॉन्च किया गया था, जो कुछ ही मिनटों में असफल हो गया। आधिकारिक एक्स पोस्ट में बताया गया कि रविवार को 101वां प्रक्षेपण प्रयास किया गया, पीएसएलवी-सी61 का प्रदर्शन दूसरे चरण तक सामान्य रहा। तीसरे चरण में तकनीकी खामी पेश आई जिससे वो चूक गया।

इसरो प्रमुख डॉ वी नारायणन ने जानकारी दी कि पीएसएलवी के चार चरणों में से पहले दो चरणों का प्रदर्शन सामान्य रहा, लेकिन तीसरे चरण में तकनीकी खामी के कारण मिशन को पूरा नहीं किया जा सका। उन्होंने कहा,हम विश्लेषण के बाद वापसी करेंगे। इसरो ने एक्स पर लिखा, पीएसएलवी-सी61 का प्रदर्शन दूसरे चरण तक सामान्य रहा। तीसरे चरण में एक तकनीकी ऑब्जर्वेशन के कारण मिशन पूरा नहीं हो पाया। इसरो ने रविवार सुबह 5:59 बजे ईओएस-09 को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया था। ईओएस-09 को सूर्य समकालिक ध्रुवीय कक्षा में स्थापित किया जाना था, लेकिन तकनीकी खामियों के चलते सैटेलाइट को उसकी निर्धारित कक्षा में नहीं पहुंचाया जा सका। ईओएस-09 एक एडवांस पृथ्वी ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट है, जिसमें सी-बैंड सिंथेटिक एपर्चर रडार (एसएआर) तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। यह सैटेलाइट किसी भी मौसम और दिन-रात में धरती की सतह की हाई-रिजॉल्यूशन तस्वीर लेने में सक्षम है। यह कृषि, वन क्षेत्र प्रबंधन, आपदा प्रबंधन और रक्षा क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इसरो के मुताबिक, यह पीएसएलवी रॉकेट की कुल 63वीं उड़ान और पीएसएलवी-एक्सएल वर्जन की 27वीं उड़ान थी। इस मिशन से पहले इसरो के पीएसएलवी ने अब तक कई सफल लॉन्च पूरे किए थे। ईओएस-09 में लंबी अवधि का फ्यूल भी था, जिससे मिशन समाप्त होने के बाद इसे सुरक्षित तरीके से अंतरिक्ष से हटाया जा सके।



### सड़क दुघर्टना में एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत, 8 घायल

**डूंगरपुर :** जिले के सावला थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ अन्य घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब एक शादी समारोह से लौट रहे परिवार की जीप गांव के बस स्टैंड के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। सावला थानाधिकारी रघुवीर सिंह के अनुसार हादसा रात लगभग 11:30 बजे हुआ जब एक सवारी जीप (क्रूजर) पिंडावल हिलावड़ी गांव के पास अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई। जीप में सवार कुछ लोग घायल हो गए थे, जिन्हें देखने और मदद के लिए आसपास के लोग जमा हो गए। उसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक बेकाबू होकर मौके पर पलट गया। ट्रक ने न केवल जीप और वहां खड़े लोगों को कुचल दिया, बल्कि पास खड़ी एंबुलेंस को भी अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि ट्रक के नीचे तीन बाइक और कई लोग दब गए। एक बिजली का पोल टूटने से तार भी सड़क पर गिर गए। राहत और बचाव कार्य में बाधा आने के कारण दुर्घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। रविवार तड़के लगभग 3:30 बजे तक क्रेन की सहायता से ट्रक को हटाकर दबे हुए लोगों और वाहनों को बाहर निकाला गया। मृतकों की पहचान बाड़ीगामा बड़ी गांव के लवजी पाटीदार, डायालाल पाटीदार, सविता पाटीदार और भावेश पाटीदार के रूप में हुई है।

# झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन का चुनाव आज, तैयारी पूरी

संवाददाता

**रांची:** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) का आज यानी 18 मई को होने वाले चुनाव को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस चुनाव को लेकर जीएससीए मैदान रांची में दोपहर 1:00 तक मतदान होगा और शाम तक परिणाम आ जाएंगे। चुनाव में अजय नाथ शाहदेव की अगुवाई वाली टीम का सीधा मुकाबला टीम एसके बेहरा से है। दोनों पक्षों के उम्मीदवार लगातार वोटरों से संपर्क साध कर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। दोनों ही टीमों ने चुनावों को लेकर अपनी प्राथमिकताएं गिनाईं और अपना घोषणा पत्र भी जारी कर दिया है। द टीम' की ओर से अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि हमारी प्राथमिकता जेएससीए में पारदर्शिता लाना और राज्य में क्रिकेट व खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा देना है। साथ ही स्व अमिताभ चौधरी के नक्शे कदम पर चलने की कोशिश होगी, ताकि खेल और खिलाड़ियों का विकास हो। दूसरी तरफ एसके बेहरा ने कहा कि हमारी प्राथमिकता राज्य में क्रिकेट को बुलंदियों तक पहुंचाना है। इसके अलावा संघ में भाई-भतीजावाद खत्म करना होगा। द्यद टीम' अजय नाथ शाहदेव से चुनाव मैदान में - अध्यक्षः अजय नाथ शाहदेव, उपाध्यक्षः संजय पांडे, सचिवः सौरभ तिवारी (पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर) संयुक्त सचिव : शाहबाज नदीम (पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर) कोषाध्यक्षः अमिताभ घोष। टीम बेहरा से चुनाव मैदान में उम्मीदवार है- अध्यक्ष- एसके बेहरा, उपाध्यक्ष- नंदू पटेल, सचिव- एस बी सिंह कोषाध्यक्ष सौम्या सेन, संयुक्त सचिव- राजकुमार शर्मा। इसके अलावा जिला संघ के प्रतिनिधि, कमेटी मेंबर स्कूल क्लब के प्रतिनिधि और जिला संघ के प्रतिनिधि का भी चुनाव होगा।

न्यूज ब्रीफ

## शराब भट्ठियों को किया गया नष्ट



**मुरी :** सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर के नेतृत्व में शनिवार को चातमबाड़ी गांव में ग्रामीणों के सहयोग से अवैध रूप से चल रहे महुआ दारू के भट्ठियों को नष्ट किया गया। शनिवार की दोपहर दर्जनों ग्रामीण एवं दर्जनों महिलाएं सिल्ली थाना परिसर में पहुंचकर लिखित शिकायत की तथा त्वरित करवाई कर अवैध रूप से चल रहे भट्ठियों को नष्ट करने का लोगों ने थाना प्रभारी से आग्रह किया। ग्रामीणों का आरोप था कि दिन प्रतिदिन आपसी झगड़ा, चोरी, मारपीट का मामला एवं गृह कलेश शराब नशे में ही होता है। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने त्वरित करवाई करते हुए शराब भट्ठियों को नष्ट किया। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि इस प्रकार का अवैध रूप से चल रहे भट्ठियों को आगे भी नष्ट किया जाएगा। इसके साथ ही इस धंधे से जुड़े लोगों पर सख्त कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

## राहुल गांधी पर बिहार पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी के विरोध में पैदल मार्च



**खूंटी:** बिहार के दरभंगा में लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर बिहार पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी के विरोध में खूंटी जिला युवा कांग्रेस ने जिला अध्यक्ष अरुण सांगा के नेतृत्व में पैदल विरोध मार्च निकला । खूंटी जिला युवा कांग्रेस की टीम ने जिला अध्यक्ष अरुण संगा के नेतृत्व में बीजेपी और एनडीए सरकार द्वारा गलत नीति को लेकर उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। मौके में अरुण सांगा ने कहा की एनडीए सरकार दलित और आदिवासियों का शोषण करते हुई आ रही है इसी के तहत जब हमारे प्रिय नेता राहुल गांधी दरभंगा में दलित छात्राओं से मिलने जा रहे थे तो उनके खिलाफ एफ आई आर लॉन्च किया गया जो कि कहीं ना कहीं गलत है और पूरी कांग्रेस पार्टी और हम पूरा युवा कांग्रेस इस चीज के पुरजोर विरोध करती हैं और आने वाला समय में पूरा युवा कांग्रेस इसका एक करारा जवाब देगी। मौके में जिला उपाध्यक्ष बहा मुंडा, विधानसभा अध्यक्ष ऋतुराज, खूंटी प्रखंड अध्यक्ष अनमोल, खूंटी प्रखंड उपाध्यक्ष दशरथ, मुरुहु प्रखंड अध्यक्ष नौशाद, अब्बास अली, आसिम, प्रिंस, फरहान लकी, शिवम व दर्जनों युवा साथी मौजूद थे।

## 49 लाभुकों को दी गई सहायता राशि



**खलारी :** प्रखंड क्षेत्र में आपदा के तहत शनिवार को विधायक सुरेश कुमार बैठा ने 49 लाभुकों को 156800 रुपये की सहायता प्रदान की गयी. लाभुकों को सहायता संबंधी कागजात सौंपा. अंचल अधिकारी प्रणव अम्बष्ट ने बताया कि बीते वर्ष अतिवृष्टि से जिन लोगों के कच्चे मकान को आर्थिक नुकसान पहुंचा था,उन्हें राज्य सरकार की ओर से आपदा प्रबंधन के तहत सहायता राशि दी गयी.बताया कि अंचल क्षेत्र के कोनका, विश्रामपुर, चुरी मध्य, चुरी दक्षिणी, हुटाप,लपरा आदि ग्राम के लाभुकों को सहायता राशि दी गयी है।

## विधायक ने 25 छात्र-छात्राओं को सौंपा साइकिल



**खलारी :** प्रखंड के कक्षा आठ तक के393 विद्यार्थियों को साइकिल शनिवार को खलारी प्रखंड कार्यालय परिसर में विधायक सुरेश कुमार बैठा ने 25 छात्र-छात्राओं को साइकिल सौंपी। विधायक ने स्वयं साइकिल चलाकर बच्चों का उत्साहवर्द्धन किया। उन्होंने कहा कि साइकिल मिलने से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को अब आने-जाने में कोई परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी. बच्चे मन लगाकर पढ़ें, यही झारखंड सरकार की सोच है. इससे बच्चे उत्साहित होंगे और शिक्षण कार्य में सुधार होगा। ड्रॉप आउट बच्चों की संख्या में कमी आयेगी और नियमित रूप से विद्यालय आने को प्रेरित होंगे. उन्होंने छात्र- छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। इस पर साइकिल की घंटी बजाकर बच्चों ने खुशी जाहिर की. बीडीओ संतोष कुमार ने बताया कि झारखंड सरकार के कल्याण विभाग की ओर से संचालित योजना उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले आठवीं कक्षा के छात्र- छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया गया है। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी गोपालराम दास ने बताया कि वर्ष 2024-25 के लिए बच्चों को साइकिल दी गयी। मौके पर सीओ प्रणव अम्बष्ट, बीपीओ सरवरीनाथ चौरसिया, प्रधानाचार्य रंथू साहू, विधायक प्रतिनिधि मोनू रजक व अन्य मौजूद थे।

## जिला स्तरीय योग ओलम्पिक में नौवीं कलास की छात्रा ने द्वितीय स्थान किया प्राप्त

गिद्धौर(चतरा): प्रखंड मुख्यालय में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की 9वीं कलास की छात्रा ने जिलास्तरीय योग ओलंपिक 2025/26 के प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।इस संबंध में विद्यालय बॉर्डेन बिंदु पोद्दार ने बताया के छात्रा अंडर 17 की है। बच्ची का नाम सोनम कुमारी है। इस बच्ची की कार्य शैली से विद्यालय का नाम गौरव से ऊंचा हुआ है।

### कांग्रेस विधायक श्वेता सिंह की मुश्किलें और बढ़ी

# बोकारो उपायुक्त ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भेजी रिपोर्ट

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**बोकारो :** कांग्रेस विधायक श्वेता सिंह की मुश्किलें एक से अधिक पैन कार्ड और वोटर आईकार्ड मामले में बढ़ती जा रही है। बोकारो उपायुक्त जाधव विजया नारायण राव ने श्वेता सिंह के खिलाफ मिली शिकायत की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट मुख्य निर्वाचन अधिकारी झारखंड को भेज दी है।

बोकारो उपायुक्त को मिली शिकायत में बीजेपी की ओर से श्वेता सिंह द्वारा विधानसभा चुनाव में नामांकन के समय दायर शपथपत्र में गलत सूचना देने का आरोप लगाया गया था। शिकायत में बीएसएल द्वारा आवंटित आवास का नो ड्यूज सर्टिफिकेट संलग्न नहीं कर गलत जानकारी शपथपत्र के साथ देने, चार वोटर आइडी कार्ड तथा दो पैन कार्ड रखने का आरोप लगाये गये हैं। बीजेपी इस मामले की शीघ्र निष्पक्ष जांच कराने और भारत निर्वाचन आयोग एवं आयकर विभाग द्वारा निर्धारित नियमों, विधिक प्रावधानों के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने के लिए पहल करने का आग्रह किया है।

कांग्रेस विधायक श्वेता सिंह के



नाम तीन पैन कार्ड होने का मामला पहुंचा राजभवन, बीजेपी प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापनः मामले की प्रारंभिक जांच के दौरान पाया गया कि श्वेता सिंह के पास दो पैन नंबर है। एक पैन रामगढ़ और दूसरा गुड़गांव से जारी किया गया है। पैन नंबर- सीडब्ल्यूटीपीएस5392ए रामगढ़ से और सीईसीपीएस8218ई गुड़गांव से जारी किया गया है। गुड़गांव से जारी किये गये पैन से रिटर्न दायर नहीं किया गया है। रामगढ़ से जारी किये गये पैन से रिटर्न दायर किया जाता है।उपायुक्त को मिली शिकायत में कहा गया था कि श्वेता सिंह पर सरकारी बकाया होने का बावजूद बकाया नहीं होने की गलत जानकारी दी गयी है।

मामले की प्रारंभिक जांच में पाया गया कि श्वेता सिंह को बोकारो स्टील सिटी में एक क्वार्टर आवंटित किया गया है। इसके किराया और बिजली बिल मद का 45 हजार रुपये से अधिक का बकाया है। लेकिन श्वेता सिंह ने नामांकन के समय दायर शपथ पत्र में सरकार या सरकारी संस्था का बकाया नहीं होने की उल्लेख किया है।उपायुक्त ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के निर्देश के आलोक में अपनी जांच रिपोर्ट मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भेज दी है।

# पिपरवार में 14वें चतरा जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन




**मेट्रो रेज संवाददाता**

**पिपरवार(चतरा):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के सरना एकेडमी स्कूल खेल मैदान कुसुमटोला बेंती मे शनिवार को चतरा जिला एथलेटिक्स संघ के द्वारा 14वीं चतरा जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे पिपरवार थाना के पुलिस निरीक्षक अंजनी कुमार एवं विशिष्ट अतिथि के रूप मे बेंती पंचायत की मुखिया सरीता देवी,बेंती पंचायत समिति सदस्य कुमारी अनुप्रिया,सरना एकेडमी स्कूल के प्रधानाध्यापक गोपाल सिंह, उप प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।इस प्रतियोगिता में 60 मीटर दौड़,600 मीटर दौड़,लंबी कूद,गोला फेक,भाला फेक सहित कई इवेंट कराया गया।प्रतियोगिता में अंडर 14 बालक आयु वर्ग 600 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान करण कुमार,द्वितीय स्थान संजीत उरांव एवं तृतीय स्थान बादल उरांव,अंडर 14 बालिका वर्ग 600 मीटर दौड़ मे प्रथम स्थान नेहा उरांव, द्वितीय स्थान प्रीति कुमारी एवं तृतीय स्थान अंजली कुमारी,अंडर 16 बालक आयु वर्ग 60 मीटर दौड़ मे प्रथम रोहित उरांव,द्वितीय स्थान विकास मुंडा एवं तृतीय स्थान शिव शंकर महतो एवं अंडर 16 बालिका आयु वर्ग में प्रथम स्थान अनिशा कुमारी,द्वितीय स्थान प्रीति कुमारी एवं तृतीय स्थान लक्ष्मी कुमारी ने प्राप्त किया।इस प्रतियोगिता मे प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले एथलेटिक्स खिलाड़ियो को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के द्वारा मेडल पहनाकर एवं प्रमाण देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता मे मंच का संचालन चतरा जिला एथलेटिक्स संघ के संयुक्त सचिव गणेश कुमार महतो ने किया।इस प्रतियोगिता मे चतरा जिला के टंडवा प्रखंड, सिमारिया प्रखंड,गिध्दौर प्रखंड,हंटरगंज प्रखंड, लावालोंग,मिश्रोल एवं कई स्कूल व क्लब के एथलेटिक्स खिलाड़ी शामिल हुए।चतरा जिला एथलेटिक्स संघ के संयुक्त सचिव गणेश कुमार महतो ने बताया है कि इस प्रतियोगिता मे बेहतर प्रदर्शन करने वाले एथलेटिक्स खिलाड़ियो को झारखंड स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप एवं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता मे शामिल होने का अवसर मिलेगा।इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे चतरा जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष बृज किशोर तिवारी,सचिव राकेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष जितेंद्र चंद्रवंशी एवं ओलंपिक संघ के कार्यकारिणी अध्यक्ष चंद्रेश शर्मा,चतरा जिला एथलेटिक्स संघ के संयुक्त सचिव गणेश कुमार महतो, सरना एकेडेमी स्कूल के निदेशक महेंद्र उरांव, एथलेटिक्स तकनीकि अधिकारी के रूप मे सोनू तिवारी,बबन कुमार,सुरेंद्र चौहान,पवन कुमार,रोहित कुमार,रिया सिंह,खुशी झा, रोस्टी मिंज,नीलू कुजूर, सुनीता कुमारी,धनंजय भारती,विष्णुकांत पाठक एवं छोटू उरांव टोप्पो का अहम योगदान रहा।

### आजसू पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न

# पार्टी की मजबूती व विस्तार पर हुआ चर्चा



## लोगों के भलाई के लिए कार्य को गति देने के लिए कार्यकर्ताओं को कई टिप्स दिए गए

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**मुरी :** आजसू पार्टी प्रधान कार्यालय के समीप स्थित आम बगान में शनिवार को आजसू पार्टी सिल्ली विधानसभा स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र बड़ाईक एवं संचालन पूर्व जिप सदस्य सह केंद्रीय सचिव गौतम कृष्ण साहू ने किया। बैठक में पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष सह पुर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो, केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह, पूर्व जिप अध्यक्ष सुकरा सिंह मुंडा, पूर्व जिप उपाध्यक्ष चितरंजन महतो, सुशील महतो, संजय महतो,लक्ष्मी नारायण महतो समेत अन्य नेता गण एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए ,सुदेश कुमार महतो ने कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए गांव, पंचायत, प्रखंड से लेकर जिला तक कार्य किए जाने पर चर्चा किया तथा संगठन की मजबूती व विस्तार को लेकर पार्टी की रणनीति की जानकारी दी। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के वर्तमान परिस्थितियों में पार्टी की मजबूती को लेकर एवं एक सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाते हुए लोगों के भलाई के लिए कार्य को गति देने के लिए कार्यकर्ताओं को कई टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की गलत नीतियों को लोगों को बताना होगा। सरकार जनता से किये वादों को पूरा नहीं कर रही है। इसके लेकर आंदोलन की रणनीति तय की जायेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को वरीय नेताओं के मार्गदर्शन में क्षेत्र के विकास और जनता के सुख-दुख में खड़े रहने के निर्देश दिया। कार्यकर्ताओं को भी जनता की सेवा में लगने एवं जहां गलत हो वहां लोगों के हित में मुखर होने का आह्वान किया। बैठक को जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, जिप सदस्य मंजु सिंह मुंडा, प्रखंड अध्यक्ष मीरा देवी, त्रिलोचन महतो, रामस्वरूप मंडल, बलराम मुंडा, सुषेण प्रामाणिक, किरीटी , नव कृष्ण दोहरा, रामापति महतो, योगेश्वर लोहरा, बजरंग पातर मुंडा, डबलु महली, चांद हुसैन, देव नारायण महतो, सोमरा मांझी, मनीष साहु, बिनोद रजवार , सारथी देवी ने भी संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने ग्राम पंचायत और प्रखंड स्तर पर जनसमस्याओं को जानने और उनका समाधान करने पर जोर दिया गया।

इस मौके पर उप प्रमुख आरती देवी, उर्मिला देवी,पंसस ज्योति कुमारी,शेखा देवी, बबलु खान, विकास महतो, अशोक महतो, गौतम सिंह देव, भरत देव साय समेत काफी संख्या में विधानसभा क्षेत्र के महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कानूनी जागरूकता शिविर में लोगों को किया गया जागरूक

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**चतरा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव के निदेर्शानुसार हंटरगंज प्रखण्ड के वशिष्ठ नगर जोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत जोरी पंचायत के जोरी गांव में शनिवार को नालसा स्कीम के तहत कानूनी जागरूकता शिविर लगाया गया। इस शिविर का उद्देश्य आम जनों को विधिक अधिकारों की जानकारी देना मुफ्त कानूनी सहायता ,नालसा हेल्पलाइन 15100 तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना था। शिविर में अधिकार मित्र गुड़िया कुमारी एवं संदीप कुमार गुप्ता ने भाग लेकर उपस्थित लोगों को उनके अधिकारों की जानकारी दी एवं नालसा स्कीम के तहत मिलने वाली सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आपदा पीड़ितों के लिए प्राधिकरण के द्वारा मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान की जाती है। आपदा सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 112 पर भी कॉल करके सहायता प्राप्त कर सकते हैं। मौके पर ग्रामीण बबीता कुमारी,सोनम कुमारी,किरण देवी, गायत्री देवी, सोनी देवी, सुनैना देवी आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## दो बिरहोर बच्चियों का कस्तूरबा में हुआ नामांकन



**गिद्धौर (चतरा):** प्रखंड मुख्यालय में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की वार्डन बिंदु पोद्दार की कड़ी मेहनत से आदिम जनजाति परिवार के दो बच्चियों का नामांकन शनिवार को कराया गया।नामांकन के अवसर पर वार्डन ने दोनों छात्रों को माथे पर तिलक लगाकर एवं गुलदस्ता देकर विद्यालय में स्वागत किया।वार्डन की मेहनत ने रंग लाया है। पिछले दिनों ही वार्डन जपुआ में निवास कर रहे बिरहोर परिवार के लोगों से मुलाकात कर एवं बच्चियों को नामांकन के लिए प्रचार प्रसार करने गई थी।वार्डन ने बताया की पहली बार दो बच्चियों का नामांकन कक्षा 6 में किया गया है। जिसमें खुटी बिरहोर की पुत्री सिमा कुमारी 11 वर्ष एवं सुरज बिरहोर की पुत्री मोनिता कुमारी 11 वर्ष शामिल है।

# कुंदा प्रखंड में मनरेगा योजना बनी भ्रष्टाचार का अड्डा, बिना कार्य निकाले गये लाखों रुपये

## बोधाडीह पंचायत में डोभा निर्माण के नाम पर सरकारी राशि की बंदरबांट

## ग्रामीणों ने की उच्चस्तरीय जांच की मांग

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चतराः** जिले के कुंदा प्रखंड अंतर्गत बोधाडीह पंचायत में मनरेगा योजना का खुला दुरुपयोग सामने आया है। योजना के तहत डोभा निर्माण के नाम पर लाखों रुपये की निकासी कर ली गई, जबकि स्थल पर कोई कार्य हुआ ही नहीं। इस पूरे मामले में पंचायत प्रतिनिधियों की मिलीभगत उजागर हो रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुंदा प्रखंड के ग्राम कमाल टोला करीलगढ़वा में डोभा निर्माण की स्वीकृति दी गई थी, जिसकी कार्य कोड संख्या 34170003004/आईएफ 7




080903647976 है। यह डोभा बलेन्दर गंझू के खेत में 90७90 ७ 10 फीट के आकार में बनना था, जिसके लिए 1,39,016 की राशि निकासी कर ली गई, जबकि स्थल पर कोई कार्य नहीं किया गया। इसी प्रकार पच्यु गंझू के खेत में भी एक और डोभा निर्माण कार्य (वर्क कोडः 3417003004/आईएफ7080903647 762) के नाम पर 1,35,632 की राशि की निकासी कर ली गई। इन दोनों मामलों में स्थानीय मुखिया पति विनोद साव, निवासी ग्राम बोधाडीह, पर बिना कार्य संपन्न कराए भुगतान करवाने का आरोप है।

चौंकाने वाली बात यह है कि उक्त निकासी 4 अप्रैल 2025 से 2 मई 2025 के बीच की गई है, और वर्तमान में भी 10 मई से 16 मई 2025 तक का डिमांड दर्ज कर नया भुगतान कराने का प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में कुंदा निवासी पवन कुमार ने मनरेगा आयुक्त और चतरा जिले के उपविकास आयुक्त को आवेदन देकर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। गौरतलब है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का उद्देश्य गांवों में रोजगार उपलब्ध कराना है ताकि प्रवास को रोका जा सके। लेकिन अब यह योजना भ्रष्टाचार और बिचौलियों के लिए लाभ का जरिया बनती जा रही है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से अपील की है कि मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों को चिन्हित कर सख्त दंड दिया जाए ताकि मनरेगा योजना की गरिमा और उद्देश्य को बचाया जा सके।

# राज्य में आज भी आंधी-तूफान के साथ बारिश, चार डिग्री गिरेगा पारा



**रांची:** झारखंड के अधिकतर हिस्सों में आज यानी रविवार को तेज हवाओं के साथ तूफान का पूवार्नुमान जताया गया है। मौसम बुलेटिन में यह जानकारी दी गई। मौसम विभाग ने कहा कि 18 मई को राज्य के दक्षिणी, मध्य और उत्तर-पूर्वी भागों के करीब 20 जिलों में आंधी और 60 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति की तेज हवाएं चलने का ऑरेंज अलर्ट' जारी किया गया है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के उपनिदेशक अभिषेक आनंद ने शनिवार को कहा, शनिवार से मौसम में बदलाव होने की संभावना है। बंगाल की खाड़ी से नमी आने के कारण हल्की बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है।" मौसम बुलेटिन में कहा गया कि 21 मई तक राज्य के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। विभाग के अनुसार मौसम में आए इस बदलाव के कारण अगले दो दिन में अधिकतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। पिछले 24 घंटों में झारखंड में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा, शुक्रवार को डालटनगंज में सबसे अधिक 42.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। गोड्डा, गढ़वा और सरायकेला में तापमान क्रमशः 41.7, 41.5 और 40.6 डिग्री सेल्सियस रहा। झारखंड की राजधानी रांची में शुक्रवार को तापमान सामान्य से 2.5 डिग्री अधिक 39.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# झारखंड मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन की मीटिंग में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

मेट्रो रेज



**रांची:** मोरहाबादी स्टेडियम में आज झारखंड मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन की मीटिंग हुई। जिसकी अध्यक्षता सचिव लक्ष्मण राम ने की। मीटिंग 9:00 बजे संपन्न हुई । बैठक में कई मुद्दे पर विचार किया गया जो इस प्रकार है

1), आगामी 7 जून 2025 को बेंगलुरु में नेशनल मास्टर एथलेटिक्स फेडरेशन द्वारा बेंगलुरु में मीटिंग बुलाया गया है जिसमें सचिव लक्ष्मण राम और साथ में एक नेशनल मीटिंग में भाग लेने के लिए 6 जून 2025 को रांची से फ्लाइट से बैंगलोर जाएंगे और मीटिंग में शामिल होंगे, 2), राज्य स्तरीय मास्टर खेलकूद प्रतियोगिता नवंबर में करने पर सहमति हुआ जो रांची में होगा डेट बाद में दिया जाएगा 3), नवंबर में एशियाई मास्टर एथलीट खेलकूद प्रतियोगिता जो इंडिया में ही होने वाला है इस प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ी भी भाग लेंगे और सभी खिलाड़ियों को तैयारी जोर-शोर से सभी खिलाड़ियों को कहा गया जिनका चयन हुआ है 5), सभी खिलाड़ियों को सूचित किया जा रहा है कि अगले साल फरवरी में केरल में नेशनल मास्टर खेलकूद प्रतियोगिता होने वाला है उसमें जिन खिलाड़ियों ने आई कार्ड नहीं बनाए हैं वह भी जल्द से जल्द बना ले ताकि नेशनल में वह पार्टिसिपेट कर सके। 6), और अन्य विषय के बारे में भी सभी तरह के विचार विमर्श किया गया इस बैठक में निम्नलिखित अधिकारी पदाधिकारी शामिल हुए।

## झारखण्ड वुशु एसोसिएशन का एग्जीक्यूटिव वर्कशॉप संपन्न

# झारखण्ड में वुशु के प्रसार के लिए जागरूकता जरूरी: प्रो.मुकुंद चंद्र मेहता

मेट्रो रेज



**रांची:** झारखण्ड वुशु एसोसिएशन द्वारा अपने जिला और राज्य स्तर के पदाधिकारियों के लिए प्रारम्भ किये गए एग्जीक्यूटिव वर्कशॉप का आज यहाँ सिल्ली के द विलेज रिसोर्ट एंड बैंक्वेट में समापन हो गया। वर्कशॉप के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राँची यूनिवर्सिटी के प्रॉक्टर प्रोफेसर मुकुंद चंद्र मेहता ने इस बात पर बल दिया की वुशु के तकनीकी पहलुओं की जानकारी इसके जिला और राज्य स्तर के पढ़ाधकारियों को अवश्य होनी चाहिए ताकि वे वुशु के विकास में पूर्णरूप से अपना योगदान दें सकें। उन्होंने जोनल स्तर पर इस वर्कशॉप के आयोजन किये जाने पर जोर दिया। दो दिवसीय इस वर्कशॉप में झारखण्ड के विभिन्न जिलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

इस वर्कशॉप के दूसरे दिन दीपक गोप ने जजिंग स्टैण्डर्ड के ऊपर विस्तृत जानकारी दी।उन्होंने बताया की ताउलु के सही प्रशिक्षण के लिए ये आवश्यक है की प्रत्येक जिले में कमसे काम चार ताउलु कोच हो। शिवेंद्र दुबे ने इस अवसर पर झारखण्ड वुशु एसोसिएशन के सत्र 2025-26 के वार्षिक कैलेंडर और लॉन्ग टर्म ट्रेनिंग प्रोग्राम पर चर्चा की। प्रियदर्शी अमर ने विभिन्न जोन के स्तर पर कार्यक्रम की रूप रेखा से सभी को अवगत कराया। समापन सत्र के अवसर पर चंचल भट्टाचार्य, मिथिलेश साहू, शिवेंद्र दुबे, प्रियदर्शी अमर, शैलेन्द्र दुबे, रत्नेश कुमार, वाहिद अली व अन्य उपस्थित थे।

इस वर्कशॉप के सफल आयोजन में सिल्ली वुशु अकादमी का सक्रिय सहयोग रहा। इसकी जानकारी देते हुये चेयरमैन चंचल भट्टाचार्य ने बताया कि इस वर्कशॉप का आयोजन अब जोनल स्तर पर किया जाएगा जिसके लिए कमिटी बनाने की प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में है। वर्कशॉप के अंत में धन्यवाद ज्ञापन शैलेन्द्र दुबे ने किया।

# कांग्रेस पार्टी की देशहित पर जुबान ही नहीं खुलती : गिरिराज सिंह

संवाददाता



**रांची/ बेगूसराय** : आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति को स्पष्ट करने के लिए सांसदों का सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विदेश जाएगा। आतंकवाद पर भारत के वैश्विक आउटरीच प्रतिनिधिमंडलों में कांग्रेस सांसद शशि थरूर को शामिल किए जाने को लेकर कांग्रेस से ही आवाज उठाए जाने लगी है। इस बीच केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरिराज सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश की वह पार्टी बनकर रह गई है जिसके अंदर सकारात्मक देशहित पर कोई जुबान ही नहीं खुलती। कोई सकारात्मक राजनीति हो, पॉजिटिव राजनीति हो ये चुप रहते हैं। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस केवल निगेटिव राजनीति करती है। देश के बाहर भी ये भारत को बदनाम करते हैं। अब विदेशों में प्रतिनिधिमंडल जा रहा है और उसमें अगर शशि थरूर हैं तो इसमें राजनीति किस बात की है? शशि थरूर भी कांग्रेस के ही हैं। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई इसमें दिखती है। कांग्रेस के अंदर अंदरूनी लोकतंत्र भी नहीं है और यह घटिया राजनीति पर उतर आई है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि पाकिस्तान आज आतंकी देश बनकर रह गया है। भारत की सेना के शौर्य ने यह दिखा दिया है कि इस आतंकी देश को बर्बाद होने से कोई रोक नहीं सकता है। लेकिन भारत का जो दुश्मन देश पाकिस्तान है, उसका जो साथ देता है, उसके प्रति भी देश की जनता में आक्रोश है। चाहे कोई भी देश हो, दुश्मन की मदद करने वाला देश भारत का हितकर नहीं हो सकता है, तुर्की हो या जो भी हो। केंद्र सरकार ने विदेश जाने वाले सात सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडलों में शामिल सभी सदस्यों के नाम तय कर दिए हैं। ये प्रतिनिधिमंडल संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य देशों और अन्य प्रमुख साझेदार देशों का दौरा करेंगे और देश की आतंकवाद विरोधी नीति, सैन्य कार्रवाइयों और ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देंगे। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में समूह 5 अमेरिका, पनामा, गुयाना, ब्राजील और कोलंबिया में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। प्रतिनिधिमंडल में एलजेपी (रामविलास) सांसद शांभवी, जेएमएम के डॉ। सरफराज अहमद, टीडीपी के जीएम। हरीश बालयोगी, भाजपा के शशांक मणि त्रिपाठी और भुवनेश्वर कलिता और शिवसेना के मिलिंद देवड़ा शामिल हैं। अमेरिका में पूर्व राजदूत तरनजीत सिंह संधू और भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या भी शामिल हैं।

# झारखण्ड के अमरेंद्र होंगे बीच सेपक टकरा में रेफरी

- खेलो इंडिया बीच गेम्स दमन दिउ में कल से

मेट्रो रेज



**रांची :** दिउ में कल से प्रारम्भ हो रहें खेलो इंडिया बीच गेम्स के सेपकटकरा इवेंट में झारखण्ड के अमरेंद्र दत्त द्विवेदी रेफरी की भूमिका निभाएंगे। अमरेंद्र दत्त झारखण्ड के इकलौते इंटरनेशनल सेपकटकरा रेफरी है श्री दत्त इसके पूर्व कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में रेफरी की भूमिका निभा चुके है। अभी हाल ही में पटना में सम्पन्न वर्ल्ड कप सेपक टकरा और खेलो इंडिया युथ गेम्स में भी वे रेफरी की भूमिका निभा चुके है अमरेंद्र दत्त के निर्णायक बनाये जाने पर झारखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ मधुकांत पाठक सहित सेपक टकरा एसोसिएशन ऑफ झारखण्ड के दीपक भरथुआर,उदय साहू, प्रियदर्शी अमर, मिथलेश साहू, मनोज साहू, अजित सिन्हा, प्रदीप खन्ना, बुल्लू गोप, शशिकांत पांडे, रजि अहमद, शिवेंद्र दुबे, चंचल भट्टाचार्य, मनोज गुप्ता, उमा रानी पालित व अन्य ने बधाई दी। खेलो इंडिया बीच गेम्स में सेपक टकरा, वॉलीबॉल, कबड्डी, फुटबॉल, पेंचक सेलाट,सी स्विमिंग आदि शामिल है।

## सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के पांचवा दिन

# श्री कृष्ण बाल लीला व गोवर्धन पर्वत लीला प्रसंग का वर्णन

मेट्रो रेज



**पिस्का मोड़ :** रांची स्थित हेसल निकट जतरा मैदान नॉर्थ, श्री हेसल हनुमान मंदिर के सामने गली नंबर 3 में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के पंचम दिवस दिन रविवार को प्रयागराज से आए हुए सुप्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य अतुल द्विवेदी महाराज के मुखारविंद से भगवान श्री कृष्ण की बाल लीला एवं गोवर्धन पर्वत लीला प्रसंग का वर्णन किया गया। कथा का शुभारंभ यजमान संजीव कुमार सिंह (चुन्नू सिंह) एवं उनकी धर्मपत्नी संगीता सिंह ने आरती गान के साथ किया। आचार्य जी ने कथा शुरू करते हुए बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने गृह लीला तब की जब वे मात्र छह दिन के थे। चतुर्दशी के दिन पूतना आयी, जब भगवान तीन माह के हुए तो करवट उत्सव मनाया गया और तभी शकटासुर आया। भगवान ने संकट भंजन करके उस राक्षस का उद्धार किया। इसी तरह बाल लीलाएं, माखन चोरी लीला, ऊखल बंधन लीला आदि दिव्य लीलाएं की है। श्रीकृष्ण का प्रत्येक लीला दिव्य है। प्रभु की हर लीला का महत्व आध्यात्मिक है। बिनु सत्संग विवेक ना होई। राम कृपा बिनु सुलभ ना सोई। सठ सुधरहिं सत्संगति पाई। पारस परस कुघात सुहाई ।। भावार्थः सत्संग के बिना विवेक नहीं होता और राम जी के कृपा के बिना वह सत्संग नहीं मिलता, सत्संगति आनंद और कल्याण की जड़ है, दुष्ट भी सत्संगति पाकर सुधर जाते हैं जैसे पारस के स्पर्श से लोहा भी सुंदर सोना बन जाता है। पूतना नाम की एक बड़ी क्रूर राक्षसी थी। गोकुल में नंदबाबा ने पुत्र का जन्मोत्सव बड़े धूम-धाम से मनाया। ब्राह्मण और याचकों को यथोचित गौधन तथा स्वर्ण, रत्न, धनादि का दान किया। कर्मकांडी ब्राह्मणों को बुलाकर बालक का जातिकर्म संस्कार करवाया। पितर और देवताओं के अनेकों प्रकार से पूजा-अर्चना की। पूरे गोकुल में धूमधाम से उत्सव मनाया गया। कुछ दिनों बाद कंस ढूंढ-ढूंढ कर नवजात शिशुओं का वध करवाने लगा। उसने पूतना नाम की एक क्रूर राक्षसी को ब्रज में भेजा। पूतना ने राक्षसी वेशभूषा में सज कर अति मनोहर नारी का रूप धारण किया और आकाश मार्ग से गोकुल पहुंच गयी। गोकुल में पहुंच कर वह सीधे नंदबाबा के महल में गई और शिशु के रूप में सोते हुए श्रीकृष्ण को गोद में उठाकर अपना दूध पिलाने लगी। श्रीकृष्ण सब जान गए और वे क्रोध करके अपने दोनों हाथों से उसका कुच थाम कर उसके प्राण सहित दुग्धपान करने लगे। भयंकर गर्जना से पृथ्वी, आकाश तथा अंतरिक्ष गूंज उठे। बहुत से लोग बज्रपात समझ कर पृथ्वी पर गिर पड़े। पूतना अपने राक्षसी स्वरूप को प्रकट कर धड़ाम से भूमि पर बज्र के समान गिरी, उसका सिर फट गया और उसके प्राण निकल गये, जब यशोदा, रोहिणी और गोपियों ने उसके गिरने की भयंकर आवाज सुना, तब वे दौड़ी-दौड़ी उसके पास गयी।

## मदरसा फैजुल कुरआन में जलसा-ए-दस्तार बंदी का आयोजन

# वो शिक्षा ग्रहण करें जिससे समाज, देश को फायदा पहुंचे: मुफ्ती अनवर

उलेमा ने बांधी दस हुफ्फाज के सरो पर दसतार ए फजीलत

मेट्रो रेज



**रांची:** रांची नाला रोड हिंदपीढ़ी स्थित मदरसा फैजुल कुरआन में जलसा-ए-दस्तार बंदी का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता जमीयत उलेमा झारखंड के महासचिव मौलाना असगर मिस्बाही ने की और संचालन मौलाना सूफियान हैदर ने किया। जलसे की शुरूआत झारखंड के मशहूर ताली ए कुरान हजरत कारी सोहेब अहमद के तिलावत कुरान पाक से हुआ। इस दौरान मदरसा फैजुल कुरआन से अपनी हिफ्ज की शिक्षा पूरी कर चुके कुल दस हाफिज-ए-कुरआन को उलेमा के हाथों पगड़ी बांधी गयी। जिनमें हाफि ज अहमद सईद, हाफिज सोहराब, हाफिज अबु आमिर, हाफिज साद, हाफिज हम्माद, हाफिज सोहराब तारिक, हाफिज उवैस रजा, हाफिजा मदीहा नौशीन, हाफिजा कहकशा, हाफिजा अलीशा हैं। जलसा को संबोधित करते हुए रांची इमारत शरिया के काजी ए शरीयत हजरत मौलाना मुफ्ती अनवर कासमी ने कहा कि कुरआन एक मुकम्मल किताब है। हम सबको अपना जीवन कैसे जीना है, यह कुरआन ने हमें बताया है। इस्लाम आपसी भाईचारा और मिलजुल कर रहने की शिक्षा देता है। इस लिए हमें हर हाल में आपसी मुहब्बत कायम रखनी चाहिए। वो शिक्षा ग्रहण करें जिससे समाज, देश को फायदा पहुंचे। हर वो शिक्षा जो समाज, राज्य, देश को फायदा पहुंचता है वो तमाम शिक्षा हासिल करे। आज जरूरत है मदारिस मकातिब के निजाम को मजबूत करने का। दुनिया के कोई यूनिवर्सिटी में नहीं सिखाया जाता की मां के कदमों में जन्नत है यह सिर्फ मदरसा मकतब में ही सिखाया जाता है। वहीं मुख्यातिथि हजरत मौलाना मुफ्ती जाहिद कासमी ने कहा कि ये उलेमा अंबिया के वारिस है और अंबिया धन दौलत नहीं इल्म छोड़ कर जाते है। उलेमा के कद्र करो उनकी इज्जत सम्मान करो। हम अपनी बेटियों से कहते है कि बे पर्दगी से बचो, बे पर्दगी से बे हयाई पैदा होती है। मदरसे मकतब के निजाम को मजबूत किया जाए। वहीं शहर काजी मुफ्ती कमर आलम कासमी, मौलाना असगर मिस्बाही ने भी संबोधित किया। इससे पहले शायर इस्लाम फारूक दिलकश एवं हाफिज हम्जा ने नात-ए पाक के माध्यम से अल्लाह और उसके रसूल की फजीलत बयान की। फारूक दिलकश ने पढ़ा, उनके घर में जन्नत की खेतिया नहीं होती, जिनके घर के आंगन में बेटियां नहीं होती। वहीं मदरसा फैजुल कुरआन के प्रिंसिपल हजरत कारी हुजैफा ने मदरसा के रूदाद पेश किया। कहा कि 2002 में मकतब के शक्ल में शुरू हुआ और आज नतीजा आपके सामने है। इस मौके पर हाफिज जुबैर, हाफिज साद, कारी अब्दुल हफिज, हाफिज फुरकान, हाफिज गुफरान, मौलाना जावेद, हाफिज अबुलकलाम, मौलाना महबूब, हाफिज हम्जा, मो मुस्लिम, मुफ्ती तल्हा नदवी, मो नौशाद, मौलाना हारिश, कैप्टन शकील, मो इस्लाम, मो शाकीर, हैदर, मो सोहराब, तल्हा रहमानी, मो सहमा, मुफ्ती मोहम्मद, मौलाना अब्दुल माजिद, एजाज गद्दी, शुजाउद्दीन परवेज, समेत सैंकड़ों लोग शामिल थे।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धक (सिगनल व दूरसंचार) उत्तर पश्चिम रेल्वे अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्यों के लिये दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या:** म.रे.प्र.(सिग व दूरसंचार)–06–2025–26 **कार्य का नाम:** अजमेर मंडल – मंडल नियंत्रण कार्यालय में ऑपरेटिंग नियंत्रकों के लिए कम्प्यूटर आधारित बड़े प्रारूप डिस्प्ले सिस्टम और आउटडोर एसएम कार्यालय में 65 इंच के आकार के मॉनिटर (सिम्युलेटर) का प्रावधान, 4 स्थानों (एआईआई,एमजे,एबीआर और यूडीजेड) पर यार्ड की गतिविधियों को देखने के लिए अजमेर मंडल एनडब्ल्यूआर पर पूरी प्रणाली की स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग के साथ। **अनुमानित लागत:** रुपये 18399536.18 **बयाना राशि:** रुपये 242000.00 **ई–निविदायें खोलने की तिथि व समय दिनांक:** 10.06.2025 को 15.30 बजे। उपरोक्त ई–निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट का पता www.ireps.gov.in

570-PM/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

मुख्य परियोजना प्रबन्धक (जीएसयू), उत्तर–पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्यों के लिए दी गई तिथि को 15:00 बजे तक ई निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा संख्या:** SNT-GSU-All-2025-26-01; **कार्य का नाम:** S&T work in connection with- "Train terminating facility at ABR and stabling line along with goods PF at BMN station over Ajmer Division." **अनुमानित लागत:** Rs. 4,85,88,711.22/-; **Bid Security:** Rs. 393000.00/-; **ई निविदायें बन्द होने की तिथि व समय:** 12.06.2025 को 15:00 बजे। **ई निविदायें खोलने की तिथि व समय:** 12.06.2025 को 15:30 बजे। उपरोक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वैबसाइट का पता: **www.ireps.gov.in** 582-AN/25

हमें /NWRailways पर फॉलो करें

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

डी.आर.एम./बिजली, उ.प.रे.जोधपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के वास्ते एवं मंडल की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। **सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाईट का पता:** http://www.ireps.gov.in **ई–निविदाएं प्रस्तुत करने की तिथि व समय:** 09.06.2025 को 15.00 बजे तक। **ई–निविदाएं खोलने की तिथि व समय:** 09.06.2025 को 15.00 बजे के बाद। **निविदा संख्या:** 18/2025–26 **कार्य का विवरण:** Electrical work in connection with replacement of old/dilapidated quarters by 16 units Type-II quarters and 5 unit type-III quarters under ADEN/JSM. **अनुमानित लागत रुपये:** Rs. 45,13,082.09 **निविदा संख्या:** 19/2025–26 **कार्य का विवरण:** Electric work in connection with construction of new staff quarters of type-II (OSN-2nos, MWT-2nos, STSN-2nos, RDRA-4nos, POK-4nos) Total-14nos, Type-III (MMY-01no, MWT-01nos, PLCJ-03nos, RDRA-02nos, POK-01nos) Total-08nos in RailKaBagh-Jaisalmer section. **अनुमानित लागत रुपये:** Rs. 56,91,445.72 **पत्र सं.:** 1EL/JU/WC/ 2025-26/18 & 19 **दिनांक:** 15.05.2025 विस्तृत जानकारी हेतु कृपया http://www.ireps.gov.in पर विजिट करें।

565-PM/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**e-Procurement Cell**
**Office of the Executive Engineer,**
**Building Construction Department, Building Division, Ramgarh**

**e-Procurement Notice RATE PURPOSE ONLY**
**Quotation Reference No -01/E.E.,BCD/Building Div. Ramgarh/2025-26**

Sealed Quotations are invited for the work **Proposed Construction of Environment Awareness Centre, Ramgarh** for all Materials from Reputed Shop Keepers/ Manufacturers /Suppliers/Retailers/Distributors and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

**Terms and Condition**
1. The quotationer shall furnish Pan,GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason there of.

नोट :–
(1) वेबसाईट में ई–कोटेशन प्रकाशन की तिथि : 17.05.2025 के अपराह्न 3:00 बजे।
(2) वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि : 26.05.2025 के अपराह्न 3:00 बजे तक।
(3) ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय 27.05.2025 अपराह्न 3:30 बजे।
(4) ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, रामगढ़।
(5) ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 : 8789037009
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

**Nodal Officer,e-Procurement Cell,**
**Office of the Executive Engineer**
**Building Construction Department,**
**Building Division, Ramgarh.**

PR 352743 (Building)25-26*D



# प्रकृति, रोमांच और सांस्कृतिक विविधता का संगम है पतरातू घाटी

झारखंड की राजधानी रांची से लगभग 35-40 किलोमीटर दूर स्थित पतरातू घाटी (Patratu Valley) एक प्राकृतिक स्वर्ग है, जो अपने घुमावदार रास्तों, हरे-भरे जंगलों, शांत झीलों और सांस्कृतिक विविधता के लिए प्रसिद्ध है। यह घाटी रांची, रामगढ़ और हजारीबाग की पहाड़ियों के बीच स्थित है, जो इसे एक आदर्श सप्ताहांत गंतव्य बनाती है।

**1. पतरातू डैम और झील**

पतरातू डैम, नलकारी नदी पर स्थित है, जिसे मूल रूप से पतरातू थर्मल पावर स्टेशन की जल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बनाया गया था। आज यह झील नौका विहार, पिकनिक और फोटोग्राफी के लिए एक प्रमुख आकर्षण बन गई है। झील के किनारे स्थित पतरातू लेक रिसॉर्ट पर्यटकों को आरामदायक आवास और जल क्रीड़ा की सुविधाएँ प्रदान करता है।

**2. घुमावदार घाटी मार्ग**

पतरातू घाटी का सड़क मार्ग अपने हेयरपिन मोड़ों और हरे-भरे दृश्यों के लिए प्रसिद्ध है। यह मार्ग ड्राइविंग और बाइकिंग के शौकीनों के लिए एक रोमांचक अनुभव प्रदान करता है।

**3. प्राकृतिक सौंदर्य और वन्यजीवन**

घाटी में घने जंगल, पहाड़ियाँ और जलप्रपात हैं, जो ट्रेकिंग, हाइकिंग और बर्ड वॉचिंग के लिए उपयुक्त हैं। यहाँ भारतीय जंगली भैंस, बार्किंग डियर और स्लॉथ बियर जैसे वन्यजीव पाए जाते हैं।

**4. सांस्कृतिक विविधता**

पतरातू क्षेत्र में संथाल और उरांव जैसे जनजातीय समुदाय निवास करते हैं, जिनकी सांस्कृतिक परंपराएँ और त्योहार पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।

### कैसे पहुँचें

**सड़क मार्ग:** रांची से पतरातू घाटी तक NH-33 के माध्यम से पहुँचा जा सकता है। यह मार्ग लगभग 35 किलोमीटर लंबा है और यात्रा के दौरान सुंदर दृश्य देखने को मिलते हैं।
**रेल मार्ग:** निकटतम रेलवे स्टेशन पतरातू है, जो घाटी से लगभग 4 किलोमीटर दूर स्थित है।
**वायु मार्ग:** निकटतम हवाई अड्डा बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची है, जो घाटी से लगभग 70 किलोमीटर दूर है।

**यात्रा का सर्वोत्तम समय**

**अक्टूबर से मार्च:** इस अवधि में मौसम सुखद होता है, जो यात्रा और बाहरी गतिविधियों के लिए उपयुक्त है।
जुलाई से सितंबर: मानसून के दौरान घाटी हरे-भरे परिदृश्य से भर जाती है, लेकिन भारी वर्षा के कारण फिसलन और सुरक्षा संबंधी चिंताएँ हो सकती हैं।
यात्रा सुझाव
घाटी के घुमावदार रास्तों पर सावधानीपूर्वक ड्राइव करें, विशेषकर बारिश के मौसम में।
रात के समय यात्रा से बचें, क्योंकि कुछ क्षेत्रों में सुरक्षा संबंधी चिंताएँ हो सकती हैं।
स्थानीय संस्कृति और पर्यावरण का सम्मान करें; कचरा न फैलाएँ और वन्यजीवों को परेशान न करें।



# इम्यूनिटी बढ़ाने और तनाव खत्म करने में मदद करता है लाफ्टर थेरेपी

अंग्रेजी की एक कहावत 'लाफ्टर इज द बेस्ट मेडिसन' के बारे में तो आप सभी ने सुना होगा। लेकिन वर्तमान समय में लोग शायद इस कहावत को जैसे भूल चुके हैं। आजकल की बिजी लाइफस्टाइल की वजह से लोगों के पास खुलकर हंसने का भी समय नहीं है। लेकिन अगर आप दिनभर में सिर्फ एक बार खुलकर हंसते हैं, तो इससे आपकी कई परेशानियां दूर हो सकती हैं। बता दें कि खुलकर हंसने को लाफ्टर थेरेपी या हास्य योग भी कहा जाता है। लाफ्टर थेरेपी में सिर्फ खुलकर हंसा जाता है। यह योग एक प्राकृतिक तरीका है मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को ठीक रखने का। हालांकि बहुत सारे लोगों को इसके लाभ के बारे में नहीं पता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको हास्य योग के फायदे के बारे में बताने जा रहे हैं। जिससे कि आप भी अपनी डेली रूटीन का हिस्सा बना लेना चाहिए और खुद को फिट रख सकते हैं।

### दिल होगा मजबूत

जब आप खुलकर हंसते हैं तो इससे आपका दिल मजबूत होता है। क्योंकि हंसने से ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता है। इसलिए दिन में किसी ऐसे इंसान से जरूर बात करें, जिनसे बात करके आपको अच्छा महसूस होता है।

### पाचन तंत्र में होगा सुधार

खुलकर हंसने से पेट की मांसपेशियों पर सीधा असर होता है। अगर आप दिन में एक अच्छे से हसेंगे तो इससे पाचन तंत्र भी मजबूत होगा। वहीं पेट संबंधी समस्याओं का खतरा भी कम होता है। साथ ही यह कैलोरी बर्न करने में भी सहायता करता है।

### इम्यूनिटी होगी मजबूत

बता दें कि हंसने की वजह से आपकी इम्यूनिटी बढ़ती है। ऐसे में आप बिता बात के लाफ्टर क्लब में हंसे या फिर अपने दोस्तों के साथ ठहाके लगाएं। इससे आपकी इम्यूनिटी पर अच्छा असर पड़ता है। क्योंकि हंसने से शरीर में ऑक्सीजन का संचार होता है और इम्यूनिटी भी मजबूत होती है।

# व्हाट्सऐप लाया नया स्टिकर रिएक्शन फीचर, अब चैट्स होंगी और भी रोमांचक

व्हाट्सएप, जो दुनियाभर में सबसे लोकप्रिय मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स में से एक है, लगातार अपने यूजर्स को नई सुविधाएं और अपडेट्स प्रदान कर रहा है। अब, व्हाट्सएप पर एक और नया और दिलचस्प फीचर आने वाला है, जो चैटिंग के अनुभव को और भी मजेदार बनाएगा। यह फीचर है– स्टिकर रिएक्शन। इस नए फीचर के माध्यम से यूजर्स किसी भी मैसेज पर स्टिकर के साथ रिएक्शन दे सकेंगे, जिससे चैट्स और भी ज्यादा इंटरएक्टिव और एंटरटेनिंग बन जाएंगी। व्हाट्सएप ने दिसंबर 2024 में इमोजी रिएक्शन फीचर पेश किया था, जिससे यूजर्स किसी भी मैसेज पर इमोजी के जरिए अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त कर सकते थे। यह फीचर खासकर ग्रुप चैट्स और व्यक्तिगत चैट्स में संवाद को ज्यादा आकर्षक बनाने के लिए था। अब, व्हाट्सएप पर एक और नई सुविधा आने वाली है, जिसके तहत यूजर्स स्टिकर के माध्यम से भी रिएक्शन दे सकेंगे। यह नया फीचर न केवल इमोजी रिएक्शन का विस्तार है, बल्कि यह यूजर्स को अपनी भावनाओं और प्रतिक्रियाओं को और भी ज्यादा अभिव्यक्तिपूर्ण और मजेदार तरीके से साझा करने का मौका देगा। गौरतलब है कि मेटा के दूसरे प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर यह फीचर पहले से ही उपलब्ध था, लेकिन वह फिलहाल केवल iOS यूजर्स के लिए था। हालांकि, व्हाट्सएप का यह नया स्टिकर रिएक्शन फीचर एंड्रॉयड और iOS दोनों यूजर्स के लिए उपलब्ध होगा। WABetaInfo की रिपोर्ट के अनुसार, यह फीचर जल्द ही व्हाट्सएप के नए अपडेट के साथ




रोलआउट किया जाएगा, जिससे दोनों प्लेटफॉर्म्स पर यूजर्स इसे इस्तेमाल कर सकेंगे।

**व्हाट्सएप स्टिकर रिएक्शन कैसे करेगा काम?**

अब, आइए जानते हैं कि व्हाट्सएप का स्टिकर रिएक्शन फीचर कैसे काम करेगा। इस फीचर के आने के बाद, यूजर्स किसी भी मैसेज या मीडिया पर स्टिकर के साथ रिएक्शन दे सकेंगे। इसके लिए यूजर्स व्हाट्सएप के स्टिकर कीबोर्ड से स्टिकर का चयन कर सकेंगे, चाहे वह व्हाट्सएप के आधिकारिक स्टिकर स्टोर से डाउनलोड किया गया हो या थर्ड पार्टी ऐप्स से इंपोर्ट किया गया हो। पहले से सेव किए गए स्टिकर भी इस फीचर में उपयोग किए जा सकेंगे, जिससे यूजर्स को अपनी पसंदीदा स्टिकर का इस्तेमाल करना और भी आसान हो जाएगा।
यह सुविधा खासतौर पर उन स्थितियों में उपयोगी साबित होगी जब साधारण इमोजी से व्यक्त की गई भावनाएं पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हो पातीं। उदाहरण के लिए, यदि किसी ग्रुप चैट में कोई फनी वॉयस नोट या मीम भेजता है, तो उसे और भी मजेदार बनाने के लिए एक एनिमेटेड स्टिकर, जैसे कि जोर-जोर से हंसते हुए किसी कैरेक्टर का स्टिकर भेजा जा सकता है।

**यूजर एक्सपीरियंस को और भी मजेदार बनाना**

व्हाट्सएप का स्टिकर रिएक्शन फीचर न केवल संदेशों पर प्रतिक्रियाओं को और भी रोमांचक बनाएगा, बल्कि यह यूजर्स को अपनी भावनाओं को ज्यादा प्रभावशाली तरीके से व्यक्त करने का अवसर देगा। कई बार, इमोजी से अपने विचारों को व्यक्त करना मुश्किल हो सकता है, और ऐसे में स्टिकर अधिक सटीक और अभिव्यक्तिपूर्ण होते हैं। स्टिकर के साथ रिएक्शन देना यूजर्स को अपनी पहचान और खुद को व्यक्त करने का एक नया तरीका देगा। व्हाट्सएप का स्टिकर रिएक्शन फीचर चैटिंग के अनुभव को और भी दिलचस्प बनाने का वादा करता है। यह फीचर यूजर्स को किसी भी संदेश पर स्टिकर के माध्यम से अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करने की सुविधा देगा, जिससे उनकी बातचीत और भी व्यक्तिगत और मजेदार बन जाएगी। हालांकि, यह फीचर अभी विकास के चरण में है, लेकिन भविष्य के अपडेट के साथ यह सभी यूजर्स के लिए उपलब्ध होगा। ऐसे में व्हाट्सएप के यूजर्स को अब और भी नए तरीके से संवाद करने का मौका मिलेगा, जो निश्चित रूप से चैटिंग के अनुभव को एक नया आयाम देगा।

# डार्क सर्कल्स कम करने के लिए ट्राई करें ये घरेलू नुस्खा

डार्क सर्कल्स की वजह से चेहरे की सुंदरता कम हो जाती है। डार्क सर्कल्स होने के कई कारण हो सकते हैं। डार्क सर्कल्स की समस्या कम करने के लिए कई तरह के उपाय किए जाते हैं। लेकिन इन प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल बंद करते ही डार्क सर्कल्स की समस्या दोबारा शुरू हो जाती है। लेकिन अगर आप इस समस्या को कम करना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। डार्क सर्कल्स को कम करने के लिए आप कुछ घरेलू नुस्खे ट्राई कर सकती हैं। दरअसल, हम आपको 2 ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका इस्तेमाल करने से यह समस्या कम हो सकती है।

**खीरे का इस्तेमाल**

डार्क सर्कल्स को कम करने के लिए खीरे का इस्तेमाल भी किया जाता है। खीरे में कई गुण पाए जाते हैं। इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। जोकि चेहरे की सूजन, कालेपन और डार्क सर्कल को कम करने में सहायता करता है।

**ऐसे करें इस्तेमाल**

सबसे पहले खीरे के पतले-पतले स्लाइस काट लें।



अब इन स्लाइस को फ्रिज में रख दें।
फिर इन स्लाइस को आंखों के ऊपर रखें।
सप्ताह में 2-3 बार इसका उपयोग करना चाहिए।

**बादाम तेल से मालिश करें**

बादाम का तेल स्किन से जुड़ी समस्या को खत्म करने के अलावा डार्क सर्कल को कम करने में भी उपयोगी माना जाता है। बादाम के तेल में कई सारे गुण पाए जाते हैं। बादाम के तेल में विटामिन E पाया जाता है, जोकि स्किन संबंधी समस्या को कम करने में सहायक होता है। यह तेल स्किन में नमी बनाए रखने में भी मदद करता है।

**ऐसे करें इस्तेमाल**

सबसे पहले एक कटोरी में बादाम का तेल लें।
फिर इस तेल को डार्क सर्कल्स वाली जगह पर लगाएं।
अब हल्के हाथों से मसाज करें।
सप्ताह में 2-3 दिन बार इस उपाय को करने से आपको जल्द ही रिजल्ट मिलेगा।

# यमुनोत्री मंदिर से शुरू होती है चारधाम की यात्रा



गर्मियों का मौसम शुरू होते ही चारधाम के कपाट खुल जाते हैं। जिसके बाद श्रद्धालु चारधाम की यात्रा करते हैं। चारधाम की यात्रा करने से पहले लोग रजिस्ट्रेशन करवा लेते हैं। जिससे कि उनको यात्रा के दौरान किसी तरह की कोई दिक्कत न हो। हिंदू धर्म में चारधाम की यात्रा बहुत पवित्र मानी जाती है। यह यात्रा उत्तराखंड के चार पवित्र स्थानों जिसमें यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम शामिल हैं। हर साल लाखों की संख्या में लोग चारधाम की यात्रा के लिए आते हैं। चारधाम यात्रा के दौरान सबसे पहले यमुनोत्री मंदिर के दर्शन होते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आखिर यमुनोत्री मंदिर से चारधाम की यात्रा क्यों शुरू होती है।

**यमुनोत्री से यात्रा शुरू होने का कारण**

बता दें उत्तराखंड में यमुनोत्री मंदिर स्थित है, जहां से यमुना नदी निकलती है। हिंदू धर्म में यमुना नदी को देवी माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि यमुनोत्री नदी यानी की यमुना जी मृत्यु के देवता यमराज की बहन है। माना जाता है जो भी जातक यमुनोत्री नदी के दर्शन व स्नान करता है, उसको मृत्यु का भय नहीं रहता है और मृत्यु के बाद मोक्ष की प्राप्ति होती है। यही वजह है कि यमुनोत्री से चारधाम यात्रा की शुरूआत करना शुभ माना जाता है।

**वैज्ञानिक रूप**

वहीं अगर वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखा जाए, तो चारधाम में यमुनोत्री मंदिर पश्चिम दिशा में स्थित है। ऐसे में जब भी श्रद्धालु चारधाम की यात्रा करते हैं, तो पश्चिम से पूर्व की ओर बढ़ते हैं। वहीं पश्चिम से पूर्व दिशा की ओर यात्रा करना सही माना जाता है। इससे रास्ता आसान और सुविधाजनक रहता है। पहाड़ी रास्तों में इसी क्रम से यात्रा करने पर थकान नहीं होती है।

**पौराणिक मान्यता**

चारधाम यात्रा के यमुनोत्री दर्शन के पीछे एक काफी पुरानी परंपरा है। धार्मिक मान्यता है कि पुराने समय में ऋषि-मुनि और साधु-संत भी अपनी यात्रा की शुरूआत यमुनोत्री से करते थे। तब से लेकर यह आज भी चलता आ रहा है। इसको लोग एक परंपरा की तरह मानते हैं और इसी तरह से यात्रा पूरी करते हैं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची, (झारखंड) से मुद्रित।
प्रधान संपादक : जीतेन्द्र कुमार सिंह, संपादक : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 website : www.metrorays.in
email : metrorays.ranchi@gmail.com

# सड़क, शिक्षा, पानी व स्वास्थ्य से लोगों को लाभान्वित किया जाएगा : विधायक

## 14.26करोड़ की लागत से बनने वाले 19 किलोमीटर की सात सड़क का आधारशिला

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/उधवा :** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना अंतर्गत 14 करोड़ 26 लाख 95 हजार की लागत से बनने वाली 19 किलोमीटर की सात सड़कों का आधारशिला रखकर राजमहल विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने कार्य का शुभारंभ करवाया।उधवा प्रखंड में आर यू रोड अट्टापुर से चतराडीह खोखरो टोला घोड़ावीर तक,पीएमजी एसवाई पुल से पीएमजीएसवाई पथ भगत टोला भाया शेर मोहम्मद ओला पश्चिम प्राणपुर अमीर शेख के घर तक, मध्य पियारपुर तासु टोला से भूतनी टोला होते हुए 500 बीघा नाला तक, पियारपुर पुल से पीएमजीएसवाई पथ दक्षिण पलाशगाछी तक पीएमजी एसवाई पथ नाशघाट से मध्य प्यार पूर पंचायत होते हुए अमानत पुल तक, पीएमजीएसवाई पथ स्माइल टोला से चामा ग्राम दक्षिण पलाशगाछी अमीर शेख के घर तक व बालू ग्राम उधवा दियारा से डकैत टोला उत्तर पलाशगाछी तक सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य का शुभारंभ किया गया। विधायक ने कहा कि क्षेत्र में जनहित की योजनाओं को लागू किया जा रहा है। राजनीतिकरण में यह क्षेत्र को पिछडापन में रखा गया था। सरकार अंतिम व्यक्ति तक योजना पहचाने का लक्ष्य रखती है। और शत प्रतिशत सड़क शिक्षा पानी स्वास्थ्य के माध्यम से लोगों को लाभान्वित किया जाएगा. मौके पर विभागीय अभियंता एवं पंचायत जनप्रतिनिधि सहित पार्टी के पदाधिकारी गण मौजूद थे।




### न्यूज ब्रीफ

## पीड़ित परिवार जमीन की समस्या को लेकर थाना पहुंचे

साहिबगंजः मुफस्सिल थाना परिसर में सदर सीओ बासुकीनाथ दूदू की अध्यक्षता में थाना दिवस का आयोजन किया गया। थाना दिवस में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दर्जनों पीड़ित परिवार जमीन से संबंधित अपनी समस्या को लेकर थाना पहुंचे। जहां सीओ एवं थाना प्रभारी मदन कुमार ने संयुक्त रूप से एक-एक करके सभी जमीनों की पक्ष विपक्ष के कागजात की जांच किया साथ और दोनों पक्षों की राजा मंदी से जमीन के मामले का निपटारा किया।किसी दौरान थाना प्रभारी मदन कुमार ने बताया कि मुफस्सिल थाना में लगातार जमीन की समस्या को लेकर पीड़ित आवेदन दे रहे थे। जिसको लेकर सभी को थाना दिवस में बुलाया गया था। दर्जनों पीड़ित परिवार जमीन की समस्या को लेकर थाना पहुंचे पक्ष विपक्ष की कागजात की जांच कर कुल छह मामले का निपटारा किया गया है। कई मामले ऐसे भी हैं दोनों पक्षों में वाद विवाद देसी है और कागजात की कमी है वैसे लोगों को अगले थाना दिवस में बुलाया गया है।इधर जिरवाबाडी थाना में जमीनी भी बात का निपटारा के लिए सदस्यों के नेतृत्व में थाना दिवस आयोजित किया गया। जिसमें जिरवाबाडी क्षेत्र के दर्जनों पीड़ित परिवार अपनी जमीन के मामला को लेकर थाना दिवस में पहुंचे। जहां सदर सीओ बासुकीनाथ टुडू ने जिरवाबाडी के पुलिस पदाधिकारी के सहयोग से सभी का जमीन का कागजात का अवलोकन किया और दोनों पक्षों से बातचीत किया। इसी दौरान थाना दिवस में लगभग दो मामले का निपटारा किया गया। और पीड़ितों को अगले थाना दिवस में बुलाया गया है।

## जलस्तर नीचे जाने से पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है : विधायक



साहिबगंजःराजमहल विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने उधवा प्रखंड कार्यालय में पेयजल की समस्या की समाधान हेतु पीएचडी विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक किया इस दौरान प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल की समस्या की समाधान पर चर्चा किया।प्रखंड के ऊपरी क्षेत्रों में जलस्तर नीचे जाने से पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है।बैठक के दौरान विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने पदाधिकारियों को कहा कि क्षेत्र में पेयजल की समस्या नहीं होना चाहिए।आगे कहा कि पेयजल की समस्या की समाधान हेतु चापानल बनाने को लेकर क्षेत्र से जितने सूची उपलब्ध हुआ हैं।उसे 22 मई तक किसी भी हाल में होना चाहिए।किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## प्रखंड निर्माण के तीस साल बाद पहली बार विधायक कक्ष का उद्घाटन



साहिबगंज/उधवाःप्रखंड कार्यालय में शनिवार को विधायक कक्ष का उद्घाटन राजमहल विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने विधिवत फीता काटकर किया। जानकारी के अनुसार उधवा प्रखंड मुख्यालय में उधवा प्रखंड में पहली बार विधायक कक्ष का उद्घाटन हुआ।विदित हो कि उधवा प्रखंड का निर्माण तत्कालीन बिहार राज्य सरकार ने वर्ष 1994 में राजमहल प्रखंड से अलग कर उधवा प्रखंड दर्जा दिया गया था.शनिवार को विधायक कक्ष का उद्घाटन होने से लोगों को काफी सुविधा मिलेगी.तत्पश्चात प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक किया. बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि,बुद्धिजीवी भी मौजूद रहे.बैठक के दौरान क्षेत्र की समस्याओं से अवगत हुए.इस दौरान लोगों ने आधार कार्ड जन्म प्रमाण पत्र,बिजली सहित अन्य जनहित समस्याओं को रखा.इस पर विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने बीडीओ व कर्मियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.प्रखंड आने वाले आमजनों से अच्छे से व्यवहार करें तथा बेवजह लोगों को न घुमाए।विधायक ने आगे कहा कि सभी के साथ समन्वय बनाकर कार्य करे।मौके पर विधायक प्रतिनिधि मो मारूफ उर्फ गुड्डु,प्रखंड प्रमुख स्टेनशीला सोरेन,प्रखंड अध्यक्ष अय्यूब अली उर्फ बबुआ, अखलाकुर रहमान,यासीन शेख,इब्राहीम शेख,ऐनुल हक अंसारी,नेहरूल, जहांगीर,विश्वजीत मंडल,भैया किस्कू सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जिला के विभिन्न थानों में दस मामले दर्ज

**साहिबगंज :** जिला के विभिन्न थानों में शनिवार को कुल 10 मामले दर्ज किए गए हैं इसके अलावा विभिन्न मामलों के कुल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले की जानकारी मुख्यालय डीएसपी विजय कुशवाहा ने देते हुए बताया की राधानगर थाना अंतर्गत मनिहारी टोला में अभियुक्त सरवन मंडल के पास से 400 ग्राम गांजा जब्त किया गया है इनके विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कांड तक अग्रिम कार्यवाही की गई साथ ही सरवन मंडल को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। इसके अतिरिक्त एक अन्य अभियुक्त की गिरफ्तारी राधानगर थाना में की गई है। नगर थाना में मारपीट एवं रंगदारी मांगने के विरुद्ध अलग-अलग तीन कांड दर्ज किए गए हैं । राजमहल थाना में एक कांड मारपीट के संबंध में दर्ज किए गए हैं। बारहड़वा थाना अंतर्गत अज्ञात अपराधियों द्वारा सोलर का तार चोरी करना तथा तीनपहाड़ थाना अंतर्गत मनरेगा अधिनियम के उल्लंघन के संदर्भ में एक ट्रैक्टर को जब्त करते हुए कांड दर्ज किया गया। इसके अलावा बरहरवा थाना में क्षेत्र से एक अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई है।

## ग्रामीणों ने योजना में रुचि दिखाई और अधिकारियों से कई प्रश्न भी पूछे

**साहिबगंज :** मोतीझरना पंचायत स्थित सिंधी क्वारी में योजना विभाग द्वारा संचालित अनाबद्ध निधि से केज कल्चर मत्स्य पालन योजना के कार्यान्वयन हेतु विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। यह सभा ग्राम टूटी तथा दरकल्ला के ग्राम प्रधानों की अध्यक्षता में संपन्न हुई।ग्राम सभा में जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुमार, जिला मत्स्य पदाधिकारी बीरेंद्र कुमार बिन्हा, नीति आयोग से मनीष कुमार, मोतीझरना पंचायत सचिव सहित बड़ी संख्या में आदिम जनजाति समुदाय के ग्रामीण उपस्थित थे।पदाधिकारियो ने ग्रामीणों को केज कल्चर योजना की कार्य प्रणाली, लाभ, तकनीकी पहलुओं और इसके माध्यम से आजीविका सृजन की संभावनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।कार्यक्रम का उद्देश्य आदिवासी समुदाय को आत्मनिर्भर बनाना व प्राकृतिक संसाधनों के बेहतर उपयोग द्वारा स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना था।

## 24,830 रुपये का अवैध शराब जब्त

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहरवा :** बरहरवा आरपीएफ को गुप्त सूचना के आधार अवैध तस्करी के शराब ट्रेन द्वारा तस्करी करने की सूचना मिली तत्पश्चात बरहरवा आरपीएफ एएसआई रंजीत कुमार,हेड कांस्टेबल इमरान हुसैन, सिटी बी के वर्मा ,सीटी बी के यादव ,सभी सिडीपीएस टीम और आरपीएफ पोस्ट बरहरवा से एएसआई सुरेश पासवान, सीटी अनिल कुमार शाह को साथ लेकर आरपीएफ पोस्ट बरहरवा इंस्पेक्टर संजीव कुमार के नेतृत्व में बरहरवा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन नंबर 15743 फरक्का एक्सप्रेस के कोच नंबर र7 को चेककिया गया तो सर्च अभियान के दौरान बाथरूम के अंदर में दो बैग संदिग्ध स्थिति में रखे हुए थे। पूछताछ करने पर किसी ने भी उक्त डिब्बे में दोनों बैगों का स्वामित्व होने का दावा नहीं किया। संदेह होने पर दोनों बैगों की तलाशी ली गई जिसमें निम्नलिखित पाया 101पीस ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की के पाउच, प्रत्येक की कीमत 130/- रुपये कुल मूल्य=110130 - 13,130 18 ड्ढ्र३३ी इंपीरियल ब्ल्यू के , जिसका मूल्य रु. 650 प्रत्येक कुल मूल्य=18650=11,700। उसके बाद दोनों बैगों को प्लेटफार्म पर उतारा गया ।दोनों बैगों में मौजूद फॉरेन लीकर की कुल कीमत 24,830/- रुपये है। सभी फॉरेन लीकर जब्त कर, आरपीएफ पोस्ट बरहरवा लाया गया। और इंस्पेक्टर एक्साइज डिपार्टमेंट साहिबगंज को अग्रिम कार्यवाही हेतु सौंपा गया।इस दौरान बरहरवा आरिपीएफ संजीव कुमार ने कहा कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा,पकड़े जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।ज्ञात हो कि आरपीएफ ने अवैध शराब तस्करो के मंसूबे को लगातार नाकाम कर रही है ,बीते दिनों भारी संख्या में अवैध शराब को जब्त भी किया गया है जो बिहार ले जाने की फिराक में थे।



## प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी गायब रहने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई करें : उपायुक्त

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**दुमका :** समाहरणालय के सभागार कक्ष में शनिवार को जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने समग्र शिक्षा अभियान एवं शिक्षा विभाग की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने कहा कि सभी प्रखंड विद्यालय में शत प्रतिशत बच्चो एवं शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। सभी शिक्षक ई विद्यावाहिनी में अपनी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। कम उपस्थिति वाले प्रखंड के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को उन्होंने चेतावनी दी कि गायब रहने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई करें। उन्होंने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियो को निर्देश दिया कि जो सीआरपी अपने काम में लापरवाह हैं उनपर कार्रवाई करें। उनका कार्य अनुश्रवण कर सही रिपोर्ट देना है यदि वे लापरवाह शिक्षकों की सूचना नहीं देते तो उनपर कार्रवाई की जाय। उन्होंने प्रत्येक विद्यालय में नामांकित बच्चो की जांच करवाएं जो बच्चे सरकारी विद्यालय में केवल नाम ढो रहे हैं एवं निजी विद्यालय में पढ़ रहे हैं उन्हें चिह्नित किया जाए ऐसे बच्चो का नाम विद्यालय पंजी से हटाया जाए। यह काम अगली समीक्षा बैठक के पूर्व पूरा हो जाना चाहिए अन्यथा ऐसे बीईओ को चिह्नित कर उन पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने मध्याह्न भोजन योजना पुस्तक वितरण इत्यादि की भी समीक्षा की तथा समयानुसार सभी बच्चो को पुस्तक उपलब्ध करा देने का निर्देश दिया। इस बैठक में उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा, जिला शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार, जिला शिक्षा अधीक्षक आशीष कुमार हेंब्रम, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी देवेश कुमार सिंहा, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी श्याम सुंदर मोदक, अमर प्रकाश टूटी, रंजन डॉन, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी वंदना भट्ट सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी उपस्थित थे।



## जमीनी विवाद के मामले को लेकर मारपीट

साहिबगंज : मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हाजीपुर दियारा निवासी राकेश मंडल व भाई जुगेश मंडल के बीच जमीनी विवाद के मामले को लेकर मारपीट हो गई। मारपीट में राकेश गंभीर रूप से घायल हो गया ।घायल राकेश ने बताया कि पूर्व से मेरे भाई जुगेश के साथ जमीन का विवाद चल रहा है। दो दिन पूर्व में भी जमीन मामले को लेकर हम लोगों के बीच कहा सुनी हुई थी और हाथापाई भी हुआ था। बताएं कि शनिवार की सुबह मेरा भाई जूगेश हम लोगों के साथ फिर से विवाद करने लगा और मुझे और मेरी पत्नी को लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। घायल अवस्था में ही दोनों इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचे जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार किया।

## एक्यूप्रेशर चिकित्सा पद्धति हमारी भारतीय पौराणिक पद्धति में से एक है : सीमा बाजपेयी



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**दुमका :** लायंस क्लब दुमका स. प. के लायंस सेवा सदन में शनिवार को सुजोक एक्यूप्रेशर चिकित्सा सेवा का उद्घाटन डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जिला 322 ए. के. एम. जे. एफ.लायन सीमा वाजपेयी ने शनिवार को किया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एम.जे. एफ. लायन सीमा बाजपेयी ने संबोधित करते हुए कहा कि एक्यूप्रेशर चिकित्सा पद्धति हमारी भारतीय पौराणिक चिकित्सा पद्धति में से एक है. इसमें कुछ खास बिंदुओं पर दबाव देकर किसी भी बीमारी का इलाज बहुत ही सहजता पूर्वक से किया जाता है। क्लब की अध्यक्ष लायन डॉ. अमिता रक्षित ने कहा कि एक्यूप्रेशर उपचार में दबाव हम उस खास बिंदु पर एक्यूप्रेशर उपकरण मैग्नेट आदि के द्वारा भी देते हैं, जिससे उसे रोग से संबंधित बिंदु ऊर्जान्वित होकर संबंधित अंग को रिचार्ज करता है। और रक्त संचार करके बीमारी दूर की जाती है। मौके पर लायन मुकेश कुमार अग्रवाल, लायन रमण कुमार वर्मा, लायन डॉ मनोज कुमार घोष, पी.एम.जे.एफ लायन डॉ अखिलेश कुमार सिन्हा, लायन डॉ संजीव कुमार, लायन राकेश सिंघानिया, लायन सुनील कुमार साहा, लायन चन्दन कुमार साह, लायन नीरज कोठारीवाल, लायन सतीश कुमार, लायन डॉ. शम्भू कुमार साह, लायन डॉ. अमूल्य कुमार पाल, लायन डॉ. सुनील कुमार जायसवाल, लायन सुमन कुमार साह, लायन अशोक कुमार, लायन मधुकर दत्ता, लायन डॉ.स्वेता स्वराज के अलावे काफी संख्या में अन्य सदस्य मौजूद थे।

## मरीजों के प्रति संवेदनशील रहें और चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराएं : उपायुक्त



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती ने आज करणपुरातो स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं दवाओं की उपलब्धता साफ-सफाई एवं चिकित्सकों की उपस्थिति की विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने उपस्थित चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश दिया कि वे मरीजों के प्रति संवेदनशील रहें और उन्हें समय पर गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करना है। इसलिए अस्पताल में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उपायुक्त ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनस्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है।

## कोटालपोखर में लगा 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर

**साहिबगंज/बरहरवा :** प्रखंड के कोटालपोखर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के समीप लगा 25 केवीए का ट्रांसफार्मर 14 मई को जल गया था। जिससे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी। इस समस्या की जानकारी ग्रामीणों ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव तनवीर आलम को दी।सूचना मिलते ही तनवीर आलम ने तत्परता दिखाते हुए बिजली विभाग को निर्देशित किया कि गर्मी के इस मौसम में ग्रामीणों को राहत देने हेतु शीघ्र नया और अधिक क्षमता वाला ट्रांसफार्मर लगाया जाए। उनके पहल पर बिजली विभाग ने तेजी से कार्रवाई करते हुए 16 मई की रात्रि को 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया।17 मई को जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि बरकत खान के कर-कमलों द्वारा फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन किया गया। ग्रामीणों ने कांग्रेस महासचिव तनवीर आलम के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इस भीषण गर्मी में बिजली की बहाली उनके लिए किसी संजीवनी से कम नहीं है।इस मौके पर नेहाल अख्तर, रंजीत भंडारी, समीम, विनोद भगत, विकास सिंह, गुड्डू मंसूरी, अमित कुमार साह, प्रमोद शाह, मन्नू आलम, साजिद आलम, जगदीश भगत, रहमत, राय सोनू, सुमित शाह सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## गांजा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/उधवा :** पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए मनिहारी टोला से एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 315 ग्राम गांजा और अन्य सामग्री बरामद की है। मामले को लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजमहल विमलेश कुमार त्रिपाठी ने शनिवार को प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि मनिहारी टोला निवासी श्रवण मंडल अवैध रूप से गांजे की बिक्री में लिप्त है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, राजमहल और प्रखंड विकास पदाधिकारी, उधवा के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल ने उसी रात मनिहारी टोला स्थित गुमटी के पास श्रवण मंडल के ठिकाने पर दबिश दी। तलाशी के दौरान पुलिस ने गुमटी से 23 ग्राम गांजे की 12 पुड़िया बरामद की। इसके बाद गुमटी से सटे श्रवण मंडल के घर की तलाशी ली गई, जहां से काले प्लास्टिक में छिपाकर रखा गया 292 ग्राम गांजा और बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से श्रवण मंडल को गिरफ्तार कर लिया। राधानगर थाने में उसके खिलाफ कांड संख्या 172/25 एनडीपीएस एक्ट की धारा 20/27 के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान 25 वर्षीय श्रवण मंडल के रूप में हुई है, जो मनिहारी टोला का रहने वाला है। पुलिस ने बरामद गांजे के अतिरिक्त एक इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन और 100 मिट्टी के चिलम भी जब्त किए हैं। इस सफल छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, राजमहल, प्रखंड विकास पदाधिकारी उधवा, राधानगर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया हैऔर मामले की आगे की जांच जारी है।



# 'मां को खोने के बाद पूरी तरह से टूट गई थीं', मां को याद कर भावुक हुईं जैकलीन



अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीस इन दिनों अपनी जिंदगी को एक नई दिशा देने की कोशिश कर रही हैं। बीते अप्रैल माह में उन्होंने अपनी मां किम फर्नांडीस को खो दिया था, जिसके बाद वह काफी समय तक सार्वजनिक रूप से दूर रहीं। हाल ही में कान्स फिल्म फेस्टिवल में उनकी मौजूदगी ने एक बार फिर सभी का ध्यान खींचा। अब जैकलीन ने पहली बार अपनी मां के निधन पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि मां के जाने के बाद वो पूरी तरह से टूट गई थीं।

जैकलीन ने भावुक होकर कहा, ₹मां को खोने के बाद मैं पूरी तरह से टूट गई थी। जिंदगी में कई मुश्किल दौर देखे हैं, लेकिन मेरे माता-पिता हमेशा मेरे साथ खड़े रहे। कलाकार जितना सहते हैं, उतना ही दर्द उनके मां-बाप भी सहते हैं। हमारी ज़िंदगी लोगों की नजरों में होती है, फिर भी माता-पिता बिना शिकायत हमें सहारा देते हैं। मेरी मां मुझ पर बेहद गर्व करती थीं। उन्होंने हमेशा चाहा कि मैं अपने सपनों को कभी मरने न दूं और हर हाल में मेहनत करती रहूं।

जैकलीन ने उस यादगार पल को भी शेयर किया, जब वह अपने बचपन के हीरो जीन-क्लॉड वैन डैम के साथ फिल्म 'किल 'एम ऑल 2' की शूटिंग कर रही थीं। उन्होंने बताया कि उस दौरान उनके माता-पिता खास तौर पर उन्हें मिलने इटली पहुंचे थे। जैकलीन ने कहा, ₹जिस शख्स से मैं बचपन से प्रेरित होती रही, उसके साथ काम करते देख मेरे माता-पिता का सीना गर्व से चौड़ा हो गया था। उस लम्हे ने मुझे महसूस कराया कि मेरी सारी मेहनत और संघर्ष बेकार नहीं गए, वो पल मेरी जिंदगी का सबसे कीमती अनुभव बन गया। जैकलीन ने कहा, ₹मैं खुश हूं कि मां के आखिरी कुछ महीने मैं उनके साथ बिता सकी, लेकिन मन में एक टीस रह जाती है। काश मैं उनके लिए और भी कुछ कर पाती। कई बार खुद से सवाल करती हूं, क्या मैं और बेहतर कर सकती थी? किसी अपने को खो देने का दर्द बहुत गहरा होता है। आज भी उस सच्चाई को पूरी तरह से स्वीकार नहीं कर पाई हूं। लेकिन एक बात मैं पूरे यकीन से कह सकती हूं, मेरी मां हमेशा मेरी सबसे बड़ी सपोर्टर और प्रशंसक रही हैं।

## रणबीर कपूर की 'रामायण' में एक्ट्रेस काजल अग्रवाल हुई एंट्री

नितेश तिवारी के निर्देशन में बनने वाली बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण' को लेकर लंबे समय से चर्चा जारी है। जैसे ही रणबीर कपूर के इस मेगा प्रोजेक्ट से जुड़ने की खबर सामने आई, फैंस का उत्साह चरम पर पहुंच गया। फिल्म में रणबीर भगवान श्रीराम की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि साई पल्लवी को माता सीता के किरदार में कास्ट किया गया है। सुपरस्टार यश रावण के दमदार रोल में नजर आने वाले हैं। अब इस भव्य स्टारकास्ट में एक और नाम जुड़ गया है। अभिनेत्री काजल अग्रवाल की एंट्री 'रामायण' में हो चुकी है, जिससे फिल्म को लेकर दर्शकों की उम्मीदें और भी बढ़ गई हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक काजल अग्रवाल अब फिल्म 'रामायण' की स्टारकास्ट का हिस्सा बन गई हैं। वह फिल्म में रावण की पत्नी मंदोदरी का किरदार निभाती नजर आएंगी, जिसे सुपरस्टार यश निभा रहे हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म की शूटिंग अब अपने अंतिम चरण में है। दिलचस्प बात यह है कि यह पहला मौका होगा जब यश और काजल अग्रवाल एक साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगे। इससे पहले मंदोदरी के रोल के लिए साक्षी तंवर के नाम की चर्चा थी, लेकिन खुद साक्षी ने इन खबरों को महज अफवाह बताते हुए खारिज कर दिया था। 'रामायण' की स्टारकास्ट को लेकर लगातार नए अपडेट सामने आ रहे हैं। लक्ष्मण की भूमिका के लिए पहले ही रवि दुबे के नाम पर मुहर लग चुकी है, जबकि रावण के भाई विभीषण के किरदार के लिए मेकर्स ने विजय सेतुपति से संपर्क किया है। वहीं, भगवान हनुमान के दमदार किरदार के लिए सनी देओल का नाम सामने आ रहा है। इसके अलावा रकुल प्रीत सिंह फिल्म में शूर्पणखा की भूमिका निभाती नजर आएंगी। इस महाकाव्य फिल्म को दो भागों में रिलीज किया जाएगा। इसका पहला भाग दिवाली 2026 पर सिनेमाघरों में दस्तक देगा, जबकि दूसरा भाग दिवाली 2027 में रिलीज किया जाएगा।

## आमिर खान की 'सितारे जमीन पर' का ट्रेलर जारी




काफी समय से चर्चा में बनी आमिर खान की फिल्म 'सितारे ज़मीन पर' अब एक नई सुर्खी के साथ सामने आई है। इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शामिल इस प्रोजेक्ट का ट्रेलर अब आधिकारिक रूप से रिलीज़ कर दिया गया है। खास बात यह है कि इस फिल्म के जरिए आमिर खान करीब तीन साल बाद सिल्वर स्क्रीन पर वापसी कर रहे हैं। इससे पहले फिल्म का पहला पोस्टर सामने आया था, जिसने दर्शकों के बीच उत्साह और जिज्ञासा को काफी बढ़ा दिया था। अब ट्रेलर रिलीज़ के साथ फैंस फिल्म को लेकर और ज्यादा एक्साइटेड नजर आ रहे हैं। आमिर की वापसी और फिल्म की भावनात्मक कहानी ने पहले ही इसे एक इमोशनल ब्लॉकबस्टर की ओर इशारा कर दिया है। यह फिल्म 20 जून 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी फिल्म की कहानी डाउन सिंड्रोम जैसे स्वास्थ्य संबंधी मुद्दे पर आधारित है, जिसे अक्सर समाज में कलंकित या नजरअंदाज किया जाता है। आमिर इस फिल्म के ज़रिए दर्शकों का ध्यान एक ऐसी स्थिति की ओर ले जाना चाहते हैं, जिसके बारे में अभी भी समाज में जागरूकता की भारी कमी है। यह फिल्म संवेदनशीलता और समझदारी के साथ इस विषय को सामने लाने की कोशिश करेगी। इस फिल्म के साथ कई नए बाल कलाकार भी अभिनय की दुनिया में कदम रख रहे हैं। इनमें शामिल हैं। अरौश दत्ता, गोपी कृष्ण वर्मा, संवित देसाई, वेदांत शर्मा, आयुष भंसाली, आशीष पेंडसे, ऋषि शाहनी, ऋषभ जैन, नमन मिश्रा और सिमरन मंगेशकर। फिल्म का निर्देशन आरएस प्रसन्ना ने किया है, जबकि इसका निर्माण आमिर खान ने अपनी पूर्व पत्नी किरण राव के साथ मिलकर किया है। फिल्म में आमिर के साथ जेनेलिया डिसूजा भी एक अहम भूमिका निभाती नजर आएंगी। जिसे लेकर फैंस के बीच काफी उत्साह है। खास बात यह है कि थिएट्रिकल रिलीज के करीब दो महीने बाद, आमिर इस फिल्म को यूट्यूब पर पे-पर-व्यू मॉडल के तहत भी रिलीज़ करेंगे। यह कदम डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर फिल्मों की नई पहुंच और व्यावसायिक संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है।

# सुनील शेट्टी का भावुक रिएक्शन, बाबू भैया नहीं तो श्याम भी नहीं



अगर बॉलीवुड की सबसे आइकॉनिक कॉमेडी फिल्मों की बात हो, तो 'हेराफेरी' का जिक्र जरूरत आता है। अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल की तिकड़ी ने दो फिल्मों के जरिए दर्शकों को खूब हंसाया है। ऐसे में जब 'हेराफेरी 3' की चर्चा शुरू हुई, तो फैंस की उम्मीदें भी सातवें आसमान पर पहुंच गईं। हालांकि, एक हालिया रिपोर्ट ने दर्शकों को झटका दे दिया है। दिग्गज अभिनेता परेश रावल ने खुद कन्फर्म किया है कि वह अब 'हेराफेरी 3' का हिस्सा नहीं होंगे। बताया जा रहा है कि उनके और फिल्म निर्माताओं के बीच क्रिएटिव डिफ्रेंसेज हो गए, जिसकी वजह से उन्होंने यह फैसला लिया। इस खबर के सामने आने के बाद उनके सह-कलाकार सुनील शेट्टी का रिएक्शन भी सामने आया है। उन्होंने कहा कि परेश रावल का फिल्म से बाहर जाना बेहद निराशाजनक है, क्योंकि वह इस फ्रेंचाइज़ी की आत्मा हैं। सुनील शेट्टी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'केसरी वीर' के प्रमोशन में व्यस्त हैं, लेकिन इस दौरान उन्होंने 'हेराफेरी 3' को लेकर भी दिल खोलकर बात की। खासकर जब परेश रावल के फिल्म से बाहर होने की खबर सामने आई, तो उन्होंने बेहद भावुक प्रतिक्रिया दी। सुनील शेट्टी ने साफ शब्दों में कहा, ₹जब 'हेराफेरी' की बात होती है, तो अगर इसमें बाबू भइया (परेश रावल) और राजू (अक्षय कुमार) नहीं हैं, तो श्याम (मैं) का कोई अस्तित्व नहीं बचता। आप इनमें से किसी एक को भी हटा देते हैं, तो फिल्म चल ही नहीं सकती। उनके इस बयान से साफ है कि तीनों किरदारों की केमिस्ट्री ही इस फ्रेंचाइज़ी की जान है और अगर कोई एक भी छूटता है, तो वह जादू अधूरा रह जाता है।

रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म के मेकर्स और दिग्गज अभिनेता परेश रावल के बीच मतभेद हो गए थे, इसी वजह से परेश रावल ने फिल्म से बाहर निकलने का फैसला लिया है। उन्होंने खुद इस बात की पुष्टि कर दी। हालांकि, फैंस के बीच अभी भी उम्मीद जगी हुई है।

दरअसल, पहले भी ऐसी स्थिति सामने आ चुकी है जब अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन 'हेराफेरी 3' का हिस्सा नहीं बनने वाले थे, लेकिन बाद में दोनों की वापसी हुई। इसी वजह से दर्शकों को अब भी भरोसा है कि परेश रावल उर्फ बाबू भइया की वापसी संभव है।

# फिल्म 'हेरा फेरी 3' में नहीं दिखेंगे परेश रावल



आने वाले समय में कई बड़ी फिल्मों के सीक्वल दर्शकों के सामने पेश होने वाले हैं। इन्हीं में से एक है लोकप्रिय कॉमेडी फ्रेंचाइज़ी 'हेरा फेरी' का तीसरा भाग। 'हेरा फेरी 3' का इंतज़ार फैन्स लंबे समय से कर रहे हैं। इस फ्रेंचाइज़ी में अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल की तिकड़ी ने पहले दो भागों में दर्शकों को खूब हंसाया था। इनकी केमिस्ट्री ही फिल्म की जान मानी जाती रही है, लेकिन अब इस फिल्म से जुड़ी एक खबर सामने आई है, जो फैंस को झटका दे सकती है। 'हेरा फेरी 3' को लेकर जो अटकलें चल रही थीं, उन पर अब खुद परेश रावल ने ही विराम लगा दिया है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने साफ कर दिया है कि वह अब इस फिल्म का हिस्सा नहीं हैं। माना जा रहा है कि परेश रावल और फिल्म के निर्माताओं के बीच कुछ मतभेद हुए, जिसके चलते उन्होंने इस प्रोजेक्ट से दूरी बना ली। परेश रावल ने 'हेरा फेरी' सीरीज़ में बाबूराव गणपत राव आप्टे उर्फ बाबू भैया का किरदार निभाकर दर्शकों के दिलों में खास जगह बना ली थी। उनकी टाइमिंग, एक्सप्रेशन और संवाद अदायगी आज भी फैंस को गुदगुदा देती है। यही वजह है कि फैंस के लिए बाबू भैया के बिना 'हेरा फेरी' की कल्पना करना भी मुश्किल है। साल 2022 में जब अक्षय कुमार ने 'हेरा फेरी 3' की स्क्रिप्ट से असंतुष्ट होकर फिल्म से किनारा कर लिया था, तो फैंस ने सोशल मीडिया पर खुलकर नाराजगी जताई थी। उनकी प्रतिक्रियाओं और भारी विरोध के बाद ही मेकर्स ने प्रयास करके अक्षय को दोबारा इस प्रोजेक्ट से जोड़ा। अब जब फिल्म में सब कुछ पटरी पर आता दिख रहा था, तो परेश रावल का इससे अलग हो जाना एक और बड़ा झटका बनकर सामने आया है। गौरतलब है कि परेश, यानी हमारे चहेते बाबू भैया, इस फ्रेंचाइज़ी की आत्मा माने जाते हैं। उनकी जबरदस्त कॉमिक टाइमिंग और संवाद अदायगी ने ही 'हेरा फेरी' को एक कल्ट कॉमेडी बनाया था। ऐसे में तीसरे भाग में अगर बाबू भैया की कमी रही, तो न सिर्फ फिल्म की आत्मा अधूरी लगेगी बल्कि दर्शकों को भी इसकी कमी बेहद खलेगी। हाल ही में यह खबर सामने आई थी कि आईपीएल 2025 के खत्म होने से पहले 'हेरा फेरी 3' से जुड़ा टीजर रिलीज कर दिया जाएगा। इस बात की पुष्टि खुद सुनील शेट्टी ने एक इंटरव्यू में की थी। सुनील ने बताया था कि टीजर की शूटिंग पूरी हो चुकी है और फिल्म का पहला सीन भी शूट कर लिया गया है। ऐसे में माना जा रहा था कि फिल्म की तैयारियां अब तेजी से आगे बढ़ रही हैं। लेकिन अब जब ऐन मौके पर परेश रावल ने फिल्म से अलग होने का फैसला किया है, तो यह न सिर्फ दर्शकों के लिए, बल्कि मेकर्स के लिए भी एक बड़ा झटका साबित हो सकता है। टीजर और शूटिंग की हलचल के बीच परेश का इस तरह पीछे हटना फिल्म की योजनाओं को प्रभावित कर सकता है

**अमेरिका में खेलेंगे ताईक्वांडो खिलाड़ी व प्रयागराज में तैनात सिपाही ऋषी राय**

# विश्व पुलिश गेम्स के लिए भारतीय ताइक्वांडो टीम में गैबिपुर के ऋषी राय का हुआ चयन

एजेंसी



**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग के प्रयागराज पुलिस तैनात सिपाही ऋषी राय 22 जून से 7 जूलाई तक अमेरिका के बर्मिंघम स्थित अलबामा में इस वर्ष आयोजित होने वाले विश्व पुलिस गेम्स में खेलने जाएंगे। यह जानकारी रविवार को हिन्दुस्थान समाचार एजेंसी के प्रतिनिधि से अनौपचारिक मुलाकात में ताईकांडो खिलाड़ी ऋषी राय ने दी। प्रयागराज पुलिस लाइंस में तैनात सिपाही गौतम स्पोर्ट्स अकादमी में प्रशिक्षित ऋषी राय उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जनपद के सैदपुर गांव निवासी है। वह पुलिस विभाग में खेल कोटे से सिपाही के पद पर नियुक्त हुए है। उनकी खेल के प्रति लगन ने विश्व पुलिस गेम्स के लिए भारतीय टीम में चयन हो गया । उन्होंने बताया कि आगामी 27 जून से 7 जुलाई तक अमेरिका के बर्मिंघम स्थित अलबामा में इस वर्ष विश्व पुलिश गेम्स का आयोजन होने जा रहा है जिसके लिए भारतीय पुलिस् गेम्स में खेले जाने वाले विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों का चयन किया गया है । इसमें गाजीपुर के लाल और ताईक्वांडो खिलाड़ी ऋषी राय का चयन भारतीय ताईक्वांडो टीम में किया गया है जो अमेरिका में जुटने जा रहे विश्व के तमाम देशों के पुलिस खिलाड़ियों के समक्ष पुरुषों के 68किग्रा में भारत का नेतृत्व करेंगे। वहीं ऋषी राय के कोच व गौतम स्पोर्ट्स अकादमी के प्रबन्ध निदेशक अमित कुमार सिंह ने बताया कि ऋषी वर्ष 2016 में मेरे संपर्क में आए और उनके अनुशाषित दिनचर्या व ताईक्वांडो खेल के प्रति सच्ची निष्ठा भावना ने मुझे प्रभावित किया । कोच ने बताया कि ऋषी के नाम दर्जनों राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पदक हैं । इनके शानदार खेल के प्रदर्शन को देखते हुये राज्य सरकार के खेल कोटे से ऋषी राय को वर्ष 2023 में उत्तर प्रदेश पुलिस में भर्ती कर लिया गया है । भर्ती के पश्चात् भी ऋषी के प्रशिक्षण व दिनचर्या में कोई बदलाव नही आया है और विगत वर्ष जून में गुवाहाटी( असम) में आयोजित नवीं अखिल भारतीय पुलिश गेम्स में भी बी.एस. एफ., सी.आर.पी.एफ. और आई.टी.बी.पी. जैसे टीमों को हरा कर स्वर्ण पदक जीता और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का अपना दबदबा यहां भी बनाए रखा । इस अद्वितीय प्रदर्शन को देखते हुये अखिल भारतीय पुलिस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड नई दिल्ली के उच्चाधिकारियों ने वर्ल्ड पुलिस गेम्स के लिए ऋषी राय का चयन भारतीय दल में कर लिया है । इस अवसर पर ऋषी राय को उत्तर प्रदेश के पुलिस् महानिदेशक (डी.जी.पी.) प्रशांत कुमार ने पुलिस मुख्यालय लखनऊ में संम्मानित किया , इस अवसर पर मुख्य अतिथि भूतपूर्व महान क्रिकेटर कपिल देव ने ऋषी राय को प्रतीक चिन्ह प्रदान किया और विश्व दौरे के लिए शुभकामनाएं दीं । इधर विश्व पुलिस् गेम्स के लिए भारतीय टीम में ऋषी के चयन की खबर पाते ही गौतम स्पोर्ट्स अकादमी गैबिपुर में साथी खिलाड़ियों व अकादमी के सदस्यों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी , सभी ने एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर बधाइयाँ दीं , गाजीपुर ताईक्वांडो एसोसिएशन के चेयरमैन डा.मुकेश सिंह ने कहा कि जनपद वापसी पर ऋषी राय को सम्मानित किया जाएगा ।

## आईपीएल 2025: बेंगलुरु-कोलकाता मुकाबला बिना टॉस के रद्द, प्लेऑफ की रेस से बाहर हुई केकेआर

एजेंसी



**बेंगलुरु :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 58वें मुकाबले में क्रिकेट प्रेमियों को मायूसी का सामना करना पड़ा। एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया। लगातार बारिश के कारण टॉस भी संभव नहीं हो सका और अंततः अंपायरों ने रात्रि 10:24 बजे मैच रद्द करने का निर्णय लिया। बारिश से मुकाबला रद्द होने के चलते दोनों टीमों को 1-1 अंक दिए गए। इस परिणाम ने आरसीबी को 17 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचा दिया, जबकि कोलकाता की प्लेऑफ की उम्मीदों पर पूर्णविराम लग गया। केकेआर 13 मैच में 12 अंक तक ही पहुंच सकी। एक ओर बेंगलुरु की टीम 17 अंकों के साथ शीर्ष चार में जगह बनाने के काफी करीब पहुंच गई है। हालांकि उसकी प्लेऑफ में जगह पक्की नहीं हुई है, क्योंकि चार टीमों के पास अब भी 17 या उससे अधिक अंक अर्जित करने का मौका है।

वहीं, डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए मैच रद्द होने के बाद मिले एक अंक से करारा झटका लगा है। आईपीएल 2025 का 58वां मुकाबला धुलने के साथ ही डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें भी टूट गईं। अब कोलकाता नाइट राइडर्स 13 मैच में 5 जीत, 6 हार और 2 मैच का परिणाम नहीं निकलने के साथ 12 अंक लेकर छठे पायदान पर है। इससे पहले मौजूदा सीजन में कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स के बीच भी मुकाबला रद्द रहा था।

# वाणिज्य उद्योग मंत्री देवांगन आज कोरबा में विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण एवं भूमिपूजन

एजेंसी



**रायपुर :** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय नेतृत्व में गांव एवं शहरी क्षेत्रों में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रदेश के वाणिज्य उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन आज रविवार को अपरान्ह 5.30 बजे कोरबा में 1.20 करोड़ रुपये से अधिक निर्माण कार्यो के लोकार्पण एवं का भूमिपूजन करेंगे।
मंत्री देवांगन आज दोपहर 12.15 बजे नगर निगम प्रशासन द्वारा आयाजित ई-रिक्शा वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। तत्पश्चात 3.20 बजे आशीर्वाद प्वाइंट टी.पी नगर में वीरांगना रानी अहिल्या बाई होल्कर की 300 वी जयंती 31 मई को मनाने के संबंध में कार्यशाला कार्यक्रम में शामिल होंगे। निर्धारित दौरा के अनुसार मंत्री देवांगन शाम 5.30 बजे नगर निगम कोरबा के कटहल गार्डन एम.पी नगर में आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम अंतर्गत वार्ड क्रमांक 25 में कटहल गार्डन एम.पी नगर से मेन रोड तक एण्ड टू एण्ड पेविंग कार्य स्वीकृत राशि 21 लाख रूपए एवं 55 लाख रुपये के सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य का लोकार्पण करेंगे।
दौरा कार्यक्रम के अनुसार देवांगन शाम 6.20 बजे चंद्रा समाज सामुदायिक भवन पोड़ीबहार में विभिन्न निर्माण कार्यो के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसमें वार्ड क्रमांक 31 के निर्मला स्कूल के पास वेडिंग जोन का निर्माण कार्य स्वीकृत राशि 19.65 लाख रुपये , वार्ड क्रमांक 22 में चंद्रा समाज के भवन के पास निर्मित सामुदायिक भवन के ऊपर हॉल निर्माण के 25 लाख रुपये शामिल है।

## मप्र: मुख्यमं भोज नर्मदा द्वार का भूमिपूजन और 10 मेगावॉट सौर ऊर्जा संयंत्र का करेंगे लोकार्पण



**भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज (रविवार को) प्रात: 10 बजे नर्मदापुरम, समरधा में ₹भोज नर्मदा द्वार₹ का भूमि-पूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज ही नीमच में स्थापित 10 मेगावॉट सौर ऊर्जा संयंत्र का लोकार्पण भी करेंगे। यह जानकारी जनसम्पर्क अधिकारी मुकेश मोदी ने दी। उन्होंने बताया, मुख्यमंत्री डॉ. यादव का कहना है कि प्रदेश की पहचान हमारे वीर शासकों से रही है। मध्य प्रदेश का गौरव रहे सम्राट विक्रमादित्य को आज भी न्यायप्रियता, पराक्रम और लोक कल्याण के लिये जाना जाता है। वहीं राजा भोज को महान शिक्षक और योद्धा के रूप में याद किया जाता है। ऐसे में हमारी सरकार ने तय किया है कि हमारे गौरवशाली अतीत को दुनिया के सामने लाने की आवश्यकता है। इसलिए राजधानी भोपाल के प्रमुख मार्गों पर राजा भोज, विक्रमादित्य जैसे महापुरूषों के नाम से द्वार बनाये जायेंगे, जिससे भोपाल और मध्य प्रदेश का गौरवशाली इतिहास हमें पुन: उसी दौर में ले जाये, जिससे मध्य प्रदेश और देश गौरवान्वित हुआ। इससे राजधानी भोपाल को नया स्वरूप भी मिलेगा।

## पूर्वी मध्य अरब सागर में बन रहा चक्रवात

**मुंबई :** कर्नाटक तट से दूर पूर्वी मध्य अरब सागर में 22 मई के आस-पास एक कम दबाव का क्षेत्र बनने से चक्रवात आने की संभावना है। इससे रविवार से 25 मई तक महाराष्ट्र के कई हिस्सों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश होने की चेतावनी मौसम विभाग ने दी है। आपदा प्रबंधन सहित सभी एजेसिंयों को सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है। मौसम विभाग की ओर से जारी की गई चेतावनी के अनुसार 19 मई से 25 मई के बीच राज्य में वर्षा गतिविधि में वृद्धि होने की संभावना है। मध्य महाराष्ट्र, कोंकण और आस-पास के घाट क्षेत्रों में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। शनिवार से मंगलवार के दौरान कोकण, मध्य महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में गरज, बिजली और 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज़ हवाओं के साथ हल्की व मध्यम बारिश का अनुमान है। एक ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण गुजरात-उत्तर कोंकण तटों से दूर पूर्व मध्य और आसपास के उत्तर-पूर्व अरब सागर पर औसत समुद्र तल से 1.5 किमी ऊपर स्थित है। 21 मई के आस-पास कर्नाटक तट से दूर पूर्व मध्य अरब सागर के ऊपर एक ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण बनने की संभावना है। इसके प्रभाव से 22 मई के आस-पास उस क्षेत्र में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है।

# मध्य प्रदेश में अब दिन में चलेगी लू, रातें रहेंगी गर्म, अगले चार दिन तक आंधी-बारिश का भी अलर्ट

एजेंसी



**भोपाल :** मध्य प्रदेश में मौसम के दो रंग देखने को मिल रहे है। प्रदेश में कहीं तेज धूप तो कहीं बारिश का दौर जारी है। प्रदेश में अगले 4 दिन यानी, 21 मई तक दिन में लू चलेगी, जबकि रातें भी गर्म रहेंगी। वहीं, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर समेत प्रदेश के अधिकांश हिस्से में तेज आंधी और बारिश का दौर भी रह सकता है। आज रविवार को भी 26 जिलों में मौसम के दो रंग देखने को मिलेंगे। मौसम विभाग के अनुसार, तीन साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम इन दिनों एक्टिव है। इनका असर मध्य प्रदेश में भी देखने को मिल रहा है। इस कारण आंधी और बारिश हो रही है। वहीं, अब गर्मी का असर भी देखने को मिल रहा है। अगले चार दिन तक आंधी, बारिश के साथ लू का भी अलर्ट है। आज रविवार को ग्वालियर, भिंड, मुरैना, श्योपुर, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, गुना, अशोकनगर में हीट वेव यानी, गर्म हवाएं चल सकती है। वहीं, सीधी और उमरिया में रातें गर्म रहेंगी। यहां न्यूनतम तापमान सामान्य से 4-5 डिग्री अधिक रह सकता है। दूसरी ओर, झाबुआ, अलीराजपुर, धार, बड़वानी, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, हरदा, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में हल्की बारिश, तेज आंधी चल सकती है। प्रदेश में शनिवार को मौसम के दो रंग देखने को मिले। कहीं बारिश और तेज आंधी वाला मौसम रहा तो कहीं तेज गर्मी का असर देखने को मिला। बैतूल में 17 मिमी यानी, आधा इंच से ज्यादा पानी बरस गया। वहीं, नौगांव, सीधी, विदिशा, सिंगरौली, गुना में भी बारिश हुई। दूसरी ओर, प्रदेश के कई शहरों में गर्मी का असर देखा गया। सबसे गर्म छतरपुर का खजुराहो रहा। यहां तापमान 44.4 डिग्री दर्ज किया गया। छतरपुर के ही नौगांव में 44 डिग्री सेल्सियस रहा। सीधी और टीकमगढ़ में 43.6 डिग्री, दमोह-सतना में 43.5 डिग्री, शिवपुरी-गुना में 43.2 डिग्री, सागर में 43 डिग्री, रीवा में 42.8 डिग्री, मंडला में 42 डिग्री और रायसेन में 41.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बड़े शहरों की बात करें तो ग्वालियर में 44.2 डिग्री, जबलपुर में 41.2 डिग्री, भोपाल में 40.8 डिग्री, उज्जैन में 39.5 डिग्री और इंदौर में पारा 38.2 डिग्री सेल्सियस रहा। पचमढ़ी में सबसे कम 33.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# पुलिस का 5 घंटे चला धरपकड़ अभियान, 115 अभियुक्त गिरफ्तार

एजेंसी

**फिरोजाबाद :** जनपद पुलिस ने शनिवार की रात्रि में पांच घंटे अभियान चलाकर 115 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त विभिन्न मुकदमों में वांछित अभियुक्त है जो फरार चल रहे थे।
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा वारंटियों एनबीडब्लू व एसआर केसो में वांछित अभियुक्तों के विरूद्ध शनिवार की रात्रि को 12.00 बजे से सुबह 05.00 बजे तक अभियान चलाया। इस अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा कुल 109 एनबीडब्लू वारंटी, 2 एस आर केस में वाँछित व 4 अन्य वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। जिनमे थाना उत्तर ने 6, थाना दक्षिण ने 7, थाना रसूलपुर ने 7, थाना रामगढ़ ने 4, थाना टूंडला ने 5, थाना पचोखरा ने 7, थाना नारखी ने 8, थाना रजाबली ने 3, थाना नगला सिंघी ने 3, थाना सिरसागंज ने 12, थाना नगला खंगर ने 5, थाना नसीरपुर ने 3, थाना अराव ने 1, थाना शिकोहाबाद ने 13, थाना मक्खनपुर ने 2, थाना खैरगढ़ ने 2, थाना जसराना ने 10, थाना एका ने 3, थाना फरिहा ने 8, थाना लाइनपार ने 1, थाना मटसेना ने 3 व थाना बसई मोहम्मदपुर ने 2 अभियुक्त को पकड़ा है। इस प्रकार जनपदीय पुलिस टीम द्वारा मात्र 5 घण्टे में एनबीडब्लू वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 115 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस के अनुसार वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

### योग्य अध्यक्ष नहीं मिलने पर गठित हुई चार सदस्यीय 'लीडरशिप कमेटी',

# बंगाल युवा कांग्रेस अब इसी से चलाएगी काम

एजेंसी



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में युवा कांग्रेस को फिलहाल बिना अध्यक्ष के ही काम चलाना होगा। राज्य में उपयुक्त अध्यक्ष नहीं मिलने के कारण राष्ट्रीय युवा कांग्रेस ने फिलहाल चार सदस्यीय 'लीडरशिप कमेटी' का गठन किया है। इस कमेटी में साहिना जावेद, सौरभ प्रसाद, कासिफ रेज़ा और अर्घ्य गण को शामिल किया गया है। यही चारों नेता फिलहाल पूरे राज्य में संगठनात्मक कामकाज का समन्वय करेंगे। दरअसल, लंबे समय से बंगाल युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रहे अज़हर मलिक हाल ही में कांग्रेस छोड़कर तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए। उनके पार्टी छोड़ने के बाद प्रदेश नेतृत्व के सामने एक बड़ी चुनौती खड़ी हो गई — नए अध्यक्ष की तलाश। संगठन के भीतर यह मांग उठी थी कि ऐसे किसी नेता को यह जिम्मेदारी सौंपी जाए जो निःस्वार्थ भाव से संगठन को फिर से खड़ा कर सके। लेकिन केंद्रीय नेतृत्व किसी जल्दबाज़ी में नहीं है। सूत्रों के अनुसार, दिल्ली में अध्यक्ष पद के लिए कुल नौ नेताओं का इंटरव्यू भी लिया गया, लेकिन किसी को भी पूरी तरह उपयुक्त नहीं माना गया। ऐसे में संगठन की स्थिरता बनाए रखने के लिए अस्थायी रूप से चार नेताओं की एक कमेटी बनाकर काम आगे बढ़ाने का फैसला लिया गया। युवा कांग्रेस के संगठनात्मक नियमों के अनुसार, जब भी अध्यक्ष पद अचानक खाली होता है, तो पिछली संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने वाले एक या अधिक नेताओं को यह जिम्मेदारी सौंपी जाती है। उसी नियम का पालन करते हुए बंगाल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शुभंकर सरकार और उनकी टीम अब राजनीतिक रूप उसे अस्तित्व खो रही पार्टी को बचाने की जुगत में लगे हैं।
गौरतलब है कि 23 अप्रैल को अज़हर मलिक मंत्री अरूप विश्वास की उपस्थिति में तृणमूल भवन में जाकर आधिकारिक रूप से तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए थे। पार्टी जॉइन करते समय उन्होंने कहा था, ₹राहुल गांधी नहीं, सिर्फ ममता बनर्जी ही भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से हटा सकती हैं।

## सिद्धनाथ की दरी बनी बदहाली की तस्वीर

**मीरजापुर :** कभी प्राकृतिक सौंदर्य, धार्मिक आस्था और सिनेमा प्रेमियों का संगम रहा सिद्धनाथ की दरी आज खंडहरों और खामोशी का घर बन चुका है। चुनार थाना क्षेत्र के सक्तेशगढ़ चौकी अंतर्गत यह स्थल, जहां कभी हरियाली झूमती थी और झरनों की कल-कल गूंजती थी, अब वीरानी ओढ़े खामोश खड़ा है—जैसे खुद अपनी बर्बादी की कहानी सुना रहा हो। बरसात में हरियाली और पानी की फुहारों से महकने वाली यह घाटी अब तपती दोपहर और टूटते पत्थरों की सिसकियों में सिमट गई है। कभी यहां बच्चों की किलकारियां और बंदरों की उछल-कूद सुनाई देती थी, आज भूख से बेहाल बंदर राहगीरों के आगे हाथ पसारे खड़े हैं।सिद्धनाथ बाबा की समाधि और मंदिर आज बदहाली की कगार पर हैं। श्रद्धालु जान हथेली पर रखकर वहां पहुंचते हैं और वहां पहुंचकर न धर्मशाला है, न पानी, न छांव—बस खंडहरों में गूंजती एक उदास खामोशी। यही वह जगह है जहां 'चंद्रकांता' जैसे धारावाहिकों की शूटिंग होती थी और बड़े-बड़े फिल्मी कैमरे लगते थे। आज वहीं पर पेड़ों के बीच झूलते सूखे पत्ते और वीरान रास्ते रह गए हैं।

# झांसी मंडल में ऑपरेशन सिन्दूर के वीर जवानों को समर्पित भारतीय रेलवे की अनूठी पहल



एजेंसी

**झांसी :** देश की रक्षा में अपने अदम्य साहस, बलिदान और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देने वाले भारतीय सेना के जवानों के सम्मान में झाँसी मंडल ने एक अभिनव और प्रेरणादायक पहल की है। वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जंक्शन स्टेशन पर ऑपरेशन सिन्दूर के अंतर्गत सेवा देने वाले सैनिकों के सम्मान में प्लेटफॉर्म की बेंचों को भारतीय सेना के विशिष्ट रंगों में सजाया गया है। इस पहल का उद्देश्य सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना और समाज में देशभक्ति की भावना को और प्रबल बनाना है। स्टेशन पर पड़ी बेंचों को सेना के रंग में रंगा देख चौंकिये मत। दरअसल यह पहल रेलवे ने सेना के जवानों के प्रति अपना समर्पण व कृतज्ञता व्यक्त करने का ढंग अपनाया है। जगह जगह पड़ी बैंचों को सेना के रंग में रंगा हुआ देख देश भक्ति बरबस उमड़ आती है। यह सौंदर्यात्मक नवाचार न केवल यात्रियों को एक विशेष अनुभव प्रदान करेगा, बल्कि उन्हें यह स्मरण भी कराएगा कि हमारी शांति, सुरक्षा और स्वतंत्रता हमारे वीर सैनिकों के त्याग की देन है। रेलवे प्रशासन ने बताया कि यह पहल देशभक्ति, एकता और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है, जो युवाओं को प्रेरित करेगी और राष्ट्र सेवा के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देगी।

# तिरंगा यात्रा में भी गुटबाजी, संभाग समन्वयक ने की बैठक, अब भी भाजपा बेपटरी

एजेंसी



**चित्तौड़गढ़ :** विधानसभा चुनाव के बाद चित्तौड़गढ़ जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में खींचतान बढ़ी है। इसका ज्यादा असर जिला मुख्यालय पर है। मुख्यालय पर बेपटरी हुई भाजपा के फिर से पटरी पर आने को तैयार नहीं है। इसके पीछे कार्यकर्ताओं की मंशा ही है। गुटबाजी की बानगी ऑपरेशन सिंदूर और आगामी दिनों में निकलने वाली तिरंगा यात्रा को लेकर हुई बैठक में भी दिखी। तिरंगा यात्रा के लिए संभाग समन्वयक के रूप ने राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी को नियुक्त किया है। ऐसे में शनिवार को पहली बार इस मामले में बैठक लेने पहुंची राजसमंद विधायक के सामने ही गुटबाजी खुल कर सामने आई। राजसमंद विधायक को दो अलग बैठक लेनी पड़ी। एक बैठक विधायक चंद्रभानसिंह आक्या और उनके समर्थकों के साथ तो दूसरी बैठक सांसद जन सुनवाई केंद्र पर ली। इन दोनों ही बैठक में राजसमंद विधायक के साथ चित्तौड़गढ़ भाजपा जिलाध्यक्ष रतन गाडरी भी मौजूद रहे। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि जो गुटबाजी और खींचतान विधानसभा चुनाव से शुरू हुई वो खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। इसका असर कहीं ना कहीं भाजपा के आम कार्यकर्ताओं और चित्तौड़गढ़ के विकास पर भी पड़ता दिख रहा है। लाख दावे कर लिए जाएं तो भी सांसद कुछ कार्यकताओं से ही गिरे हैं तो कमोबेश विधायक की भी यही स्थिति है। ऐसे में आम भाजपा कार्यकर्ता किसके पास अपने काम लेकर जाए।

### ऑपरेशन सिंदूर देश के लिए गर्व की बात

सर्किट हाउस में हुई बैठक में राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी के साथ ही भाजपा जिला अध्यक्ष रतनलाल गाडरी , विधायक चंद्रभान सिंह आक्या सहित कई भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत ने पूरी दुनिया को यह संदेश दिया है कि हमारी बहनों के सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। यह पूरे देश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि जयपुर और उदयपुर में जिस जोश और उत्साह से तिरंगा यात्रा निकाली गई, उसी तरह चित्तौड़गढ़ में भी 21 मई को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अब हर आतंकी कार्रवाई का सख्त जवाब देगा।ऑपरेशन सिंदूर के मार्मिक क्षणों ने पूरे देश को भावुक किया व एकता के सूत्र में बांधा है। इस दौरान पूर्व सभापति सुशील शर्मा, अनिल ईनाणी, शैलेंद्र झंवर, ओमप्रकाश शर्मा, भंवर सिंह खरडी बावडी, प्रवीण सिंह राठौड़, दिनेश शर्मा, तेजपाल रेगर, रवि विरानी, रामप्रसाद बगेरवाल, चुन्नीलाल माली, राजन माली, युवराज आर्य, विनित तिवारी, मोनु सलुजा, रवि बैरागी, कुशपाल सिंह उपस्थित थे।

### 21 को पाडनपोल से निकलेगी तिरंगा यात्रा

तिरंगा यात्रा की उदयपुर संभाग समन्वयक व विधायक दीप्ति किरण महेश्वरी के मुख्य आतिथ्य एवं भाजपा जिलाध्यक्ष रतनलाल गाडरी की अध्यक्षता में एक बैठक सांसद जन सुनवाई केन्द्र में हुई।

## न्यूज़ IN बिजनेस

### रामगढ़वा में भारी मात्रा में नशीली दवाएं बरामद



**पूर्वी चंपारण :** जिले के रामगढवा थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एनएच 28 पर कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में नशे में उपयोग होने वाली दवाइयों की खेप बरामद किया है। पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना के बाद एक लाल रंग की आल्टो कार को रोक कर जांच की गई,जिसमे लदी सात कार्टून में भरी हुई ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड कैप्सूल बरामद किया गया। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है, जबकि चालक मौके से फरार हो गया। रामगढ़वा थानाध्यक्ष अमरजीत कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि एक कार के माध्यम से नशीली दवाइयों की सप्लाई की जा रही है। इस सूचना के आधार पर पुलिस टीम का गठन कर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान जब पुलिस सेमर चौक के पास वाहनों की जांच कर रही थी, उसी समय सुगौली की ओर से आ रही एक लाल रंग की आल्टो कार को देखकर उसका चालक वाहन छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने तत्काल कार की तलाशी ली, जिसमें सात कार्टून में ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड कैप्सूल पाए गए। यह दवा नारकोटिक्स श्रेणी में आती है और इसका उपयोग दर्द निवारण के अलावा नशीली ड्रग्स, जैसे हेरोइन के निर्माण में भी अवैध रूप से किया जाता है। थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद दवाओं व वाहन को जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। साथ ही फरार चालक की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। पुलिस इस मामले को संगठित नशा तस्करी से जोड़कर देख रही है और पूरे नेटवर्क की जांच में जुट गई है।

### अगस्त में तैयार होगा मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय, शुरू होंगी कक्षाएं

**मीरजापुर :**जनपद के मड़िहान तहसील स्थित देवरी गांव में निर्माणाधीन मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय अब तेजी से आकार ले रहा है। कार्यदायी संस्था राजकीय लोक निर्माण विभाग (भवन) के अनुसार, अगस्त तक विश्वविद्यालय का एकेडमिक और प्रशासनिक भवन, वीसी आवास, छात्रावास और स्टाफ क्वार्टर पूरी तरह बनकर तैयार हो जाएंगे। अधिशासी अभियंता कमलेश कुमार ने बताया कि निर्माण कार्य अब तक 20 प्रतिशत पूरा हो चुका है और अधिकतर भवनों के पिलर खड़े किए जा चुके हैं। ईंट की चिनाई समेत शेष कार्यों के लिए मजदूरों की संख्या बढ़ाई जा रही है, जिससे तय समय में निर्माण पूरा किया जा सके। प्रदेश सरकार और विश्वविद्यालय प्रशासन इस सत्र से ही शैक्षणिक गतिविधियों की शुरुआत के लिए पूरी तरह सक्रिय हैं। कुलपति प्रो. शोभा गौड़ ने हाल ही में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के साथ निर्माण स्थल का निरीक्षण किया और प्रगति की समीक्षा की।

### भाजपा कार्यालय में रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर भव्य आयोजन

**गुवाहाटी :** भारत की महानतम् महिला शासकों में शुमार रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में देशभर के साथ असम प्रदेश भाजपा मुख्यालय अटल बिहारी वाजपेयी भवन में विविध कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। रानी अहिल्याबाई ने अपने शासनकाल में काशी विश्वनाथ और सोमनाथ जैसे पवित्र सनातन मंदिरों का जीर्णोद्धार कराकर भारतीय सांस्कृतिक विरासत को पुनर्स्थापित किया। उनके सामाजिक सुधार, दूरदर्शी नेतृत्व और जनकल्याणकारी कार्य आज भी प्रेरणा का स्रोत हैं। इन्हीं महान योगदानों को याद करते हुए भारतीय जनता पार्टी, असम प्रदेश द्वारा रानी अहिल्याबाई की स्मृति में एक दिवसीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन आज पार्टी मुख्यालय में किया जा रहा है। इसकी जानकारी आज कार्यक्रम आयोजन समिति की संयोजक एवं भाजपा असम प्रदेश की उपाध्यक्ष रेखारानी दास बोडो ने एक बयान जारी कर दी। उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों का पंजीकरण सुबह 10:00 बजे से शुरू हुआ। कार्यक्रम के पहले सत्र की शुरुआत उपासना बरुवा द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीतों से हुई। इसके बाद 11:30 बजे संयोजक रेखारानी दास बोडो ने स्वागत भाषण दिया। इस दौरान उन्होंने समाजसेवी रिमकी भगवती ने रानी अहिल्याबाई के जीवन पर वक्तव्य प्रस्तुत किया।दोपहर 12:30 बजे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया मुख्य वक्तव्य देंगे, जिसमें वे रानी अहिल्याबाई के प्रेरणादायी जीवन पर प्रकाश डालेंगे। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में सांसद बिजुली कलिता मेधी विशेष संबोधन करेंगी और समापन भाषण भाजपा के राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव शिव प्रकाश द्वारा दिया जाएगा। आयोजन समिति ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं, इतिहासप्रेमियों और नागरिकों से इस ऐतिहासिक आयोजन में सहभागिता करने की अपील की है।

### सिपाही को कुचलने वाले पशु तस्करों से पुलिस की मुठभेड़,एक की मौत,दो गिरफ्तार

**वाराणसी :** जौनपुर खुज्जी मोड़ पर कांस्टेबल दुर्गेश सिंह को पिकअप वाहन से रौंदने वाले पशु तस्करों की वाराणसी जनपद के सीमावर्ती क्षेत्र में पुलिस टीम से मुठभेड़ हो गई। पुलिस टीम ने जबाबी कार्रवाही में जख्मी तीन तस्करों को दबोच लिया। घायल बदमाशों को पुलिस टीम ने अस्पताल पहुंचाया। जहां एक बदमाश की मौत हो गई। वहीं, वाराणसी निवासी नरेन्द्र यादव और चंदौली निवासी गोलू यादव के पैर में गोली लगी है। मुठभेड़ की जानकारी पाते ही पुलिस अफसर भी मौके पर पहुंच गए। जौनपुर के चंदवक थाना क्षेत्र के खुज्जी मोड़ पर इलाकाई पुलिस कर्मी पशु तस्करों के मूवमेंट की सूचना पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान रात लगभग सवा 12.15 बजे एक पिकअप वाहन पर पशुओं को लदे देख पुलिस कर्मियों ने दो ट्रकों को सड़क पर खड़ा करवा कर तेज रफ्तार पिकअप को रूकने का संकेत दिया। पिकअप चालक ने यह देख वाहन की रफ्तार बढ़ा खड़ी ट्रकों में धक्का मार दिया। इसके बाद सामने खड़े सिपाही दुर्गेश सिंह (35)को रौंदते हुए आजमगढ़ की ओर भागे। यह देख पुलिस और एसओजी टीम ने घायल सिपाही को तत्काल बीएचयू ट्रामा सेंटर भिजवाने के साथ भाग रहे पशु तस्करों का पीछा शुरू कर दिया। तस्कर कुछ दूर आगे जाने के बाद पिकअप वाहन को छोड़ दो बाइक पर तीन—तीन की संख्या में भागने लगे। यह देख पुलिस टीम ने इलाकाई पुलिस के साथ अफसरों को भी इसकी जानकारी दी और बदमाशों के पीछे लगे रहे। आखिरकार पुलिस टीम ने वाराणसी के चोलापुर बेला के समीप बदमाशों को घेर लिया। यह देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस टीम के जबाबी कार्रवाही में एक बाइक पर सवार तीन तस्करों को गोली लगी तो वे चीख कर वाहन से गिर पड़े। जबकि तीन मौके से भाग निकले। पुलिस टीम ने घायल तीन बदमाशों को तत्काल दबोच लिया और इलाज के लिए सीएचसी डोभी भेजा। जहां से तीनों बदमाशों को जौनपुर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। अस्पताल में एक बदमाश की इलाज शुरू होते की मौत हो गई। मृत बदमाश की शिनाख्त मुथरापुर कोटवां थाना जलालपुर जौनपुर निवासी सलमान पुत्र मुसाफिर के रूप में हुई। घायल बदमाशों ने पूछताछ में अपना नाम वाराणसी के रमना चौबेपुर निवासी नरेन्द्र यादव,अलीनगर चंदौली निवासी गोलू यादव बताया। घायल बदमाशों ने पूछताछ में अपने फरार साथियों के नाम तालाबेला चोलापुर निवासी राहुल यादव,राजू यादव और आजाद यादव पता अज्ञात बताया। पुलिस अफसरों ने बताया कि फरार तीनों बदमाश की तलाश में पुलिस टीम लगी हुई है। शीघ्र ही तीनों को पकड़ लिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### सीसीएल में ग्रीष्मकालीन क्रिकेट व वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर आज से



रांचीः सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन क्रिकेट एवं वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर 18 मई से 31 मई 2025 तक गांधी नगर क्रीड़ांगण, काँके रोड, राँची में आयोजित किया जाएगा। यह शिविर सीसीएल के कर्मचारियों के 6 से 16 वर्ष के बच्चों और बच्चियों के लिए विशेष रूप से आयोजित किया जाएगा।

शिविर के प्रमुख उद्देश्य :

1. खेल कौशल का विकास : बच्चों को क्रिकेट और वॉलीबॉल के मूलभूत कौशल जैसे सर्व, पास, सेट, हमला, ब्लॉक, बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

2. टीम वर्क और खेल भावना : बच्चों में टीम वर्क, अनुशासन और खेल भावना का विकास किया जाएगा, जिससे वे जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं।

3. स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा : खेलों के माध्यम से बच्चों को शारीरिक फिटनेस और मानसिक स्फूर्ति के महत्व के बारे में बताया जाएगा।

वार्म-अप और स्ट्रेचिंग : प्रत्येक दिन की शुरूआत वार्म-अप अभ्यास और स्ट्रेचिंग से होगी, ताकि चोटों

विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन : अनुभवी कोचों द्वारा बच्चों को खेल की तकनीकी और सामरिक समझ में सुधार करने के लिए मार्गदर्शन किया जाएगा।

मैत्रीपूर्ण मैच : प्रशिक्षण के अंतर्गत बच्चों के बीच मैत्रीपूर्ण मैचों का आयोजन किया जाएगा, जिससे वे प्रतिस्पर्धी वातावरण में अपने कौशल का परीक्षण कर सकें।

सीसीएल की प्रतिबद्धता :

सीसीएल हर वर्ष ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करता है, जिससे कर्मचारियों के बच्चों को खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने और एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाता है। यह पहल सीसीएल की सामाजिक जिम्मेदारी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो कर्मचारियों के परिवारों की भलाई के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

हम सभी कर्मचारियों से अनुरोध करते हैं कि वे अपने बच्चों को इस प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए प्रेरित करें, ताकि वे खेलों के माध्यम से शारीरिक और मानसिक विकास कर सकें।

ज्ञात हो कि सीसीएल की ओर से हर वर्ष खेलों के लिए ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाता है।

### कस्तूरबा विद्यालय पत्थलगड़ा में नामांकन सूची जारी, 20 मई तक सुनिश्चित करें प्रवेश




चतराः पत्थलगड़ा प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के लिए चयनित छात्राओं की नामांकन सूची जारी कर दी गई है। यह सूची जिला कार्यालय द्वारा अनुमोदित की गई है तथा विद्यालय के सूचना पट पर चस्पा की गई है।विद्यालय प्रशासन ने सभी संबंधित अभिभावकों से आग्रह किया है कि जिन छात्राओं के नाम इस सूची में सम्मिलित हैं, वे निर्धारित समयसीमा के भीतर विद्यालय में उपस्थित होकर नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण करें। नामांकन की अंतिम तिथि 20 मई 2025 दिन मंगलवार तक निर्धारित की गई है। इसके उपरांत नामांकन की प्रक्रिया स्वीकार नहीं की जाएगी। क० गां० बा० वि० की वार्डेन सह शिक्षिका बंटी कुमारी ने बताया कि नामांकन के समय आवश्यक दस्तावेजों के साथ छात्रा व अभिभावक की उपस्थिति अनिवार्य होगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि समय पर प्रक्रिया पूरी नहीं होने की स्थिति में सीट किसी अन्य पात्र छात्रा को प्रदान की जा सकती है। विद्यालय प्रशासन ने सभी चयनित छात्राओं के अभिभावकों से समय पर उपस्थित होकर प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है, जिससे बालिकाओं का शैक्षणिक भविष्य सुनिश्चित किया जा सके।

### भीषण गर्मी में प्रखंड वासियों का हाल बेहाल



चतराः हंटरगंज प्रखण्ड मुख्यालय के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्र में उमस भरी गर्मी में विद्युत की बदहाल व्यवस्था को लेकर उपभोक्ता परेशान हैं। भीषण गर्मी के मौसम में बिजली की आंख मिचौली की समस्या से हंटरगंज प्रखण्ड मुख्यालय के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी खासा परेशान व त्रस्त हैं। भीषण गर्मी व उमस भरे इस मौसम में हंटरगंज में प्रतिदिन कई बार लोगो को अघोषित कटौती का सामना करना पड़ता है।लोगों का कहना है कि तेज धूप व उमस ने सभी को परेशान करके रखा है, ऊपर से बिजली की आंख मिचौली व अघोषित कटौती इस समय आग में घी डालने का काम करती है। रात हो या दिन किसी भी वक्त बिजली गुल हो जाती है,बार- बार बिजली गुल होना आम बात हो गई है। खास तौर पर शाम के समय बिजली की बदहाल व्यवस्था से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।इस संबंध में हंटरगंज प्रखण्ड जिप सदस्य प्रतिनिधि बेचन पासवान ने बताया कि बिजली की इस आंख मिचौनी के कारण छोटे-छोटे बच्चों को ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। क्षेत्र में कब बिजली आएगी और कब कटेगी, इसका कोई समय-सारणी ही नहीं है। बिजली कटौती ने लोगों का जीना हराम कर दिया है। सरकार झारखंड से करोड़ों की खनिज बेचती है बावजूद इसके सरकार , सांसद, विधायक और बिजली विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यह स्थिति क्षेत्र में लगातार बनी हुई है। गर्मी के मौसम में लोगों को नियमित रूप से बिजली न रहने से परेशानी और भी बढ़ गई है।इस बिजली कटौती से लोग काफी आक्रोशित हैं। लोगो का कहना हैं की बार बार बिजली का कटने से लोगो को तो परेशानी हो ही रही है। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी खराब हो जा रहे हैं। दो माह से मात्र प्रखण्ड वासियों को 5 घंटे ही बिजली मिल रहा है बिजली को लेकर इन दिनों हर कोई परेशान रह रहा है। बिजली की आंख मिचौली से लोग त्रस्त हैं। शनिवार शाम 5 बजे क्षेत्र के लोगों ने 2 दिनो का अल्टीमेटम देते हुए बताया कि अगर बिजली विभाग समस्या में सुधार नहीं किया तो दो दिनों के अंदर प्रखण्ड के लोग आंदोलन को बाध्य होंगे।

## बिरहोर समुदाय को मिला पहचान का अधिकार

# चार दशकों की प्रतीक्षा के बाद मिला जाति प्रमाण पत्र



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश के आलोक में योजना के तहत जिले के ढ श ळ ॠ समुदाय के सतत विकास हेतु विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के पालकोट प्रखंड अंतर्गत जलडेगा गांव में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के रूप में चिह्नित हातिम जनजाति बिरहोर समुदाय के 21 परिवारों को पहली बार जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया है।

लंबे समय से आदिम जनजाति बिरहोर समुदाय के इन परिवारों को सरकारी योजनाओं और संवैधानिक अधिकारों से वंचित रहना पड़ रहा था, क्योंकि उनके पास आवश्यक जाति प्रमाण पत्र नहीं था। यह स्थिति लगभग 40 वर्षों से बनी हुई थी, जिससे शिक्षा, रोजगार, आरक्षण और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उन्हें नहीं मिल पा रहा था।

समस्या की गंभीरता को देखते हुए उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी के समक्ष एक जनसुनवाई कार्यक्रम में सामने आई। तत्पश्चात उपायुक्त द्वारा संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को ग्राम सभा आयोजित कर आवश्यक अनुशंसा तैयार करने का निर्देश दिया गया। इस अनुशंसा को कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग को प्रेषित किया गया, जिसके आधार पर उन्हें जाति प्रमाण पत्र निर्गत किए गए। बिरहोर समुदाय मूलतः वन आधारित जीवनशैली और रस्सी निर्माण जैसे पारंपरिक कार्यों पर निर्भर है। प प्रमाण पत्र प्रदान करने की यह पहल केवल एक दस्तावेजी पहचान नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण की दिशा में एक ठोस कदम है। गुमला जिला, जहां ढश्ळॠ जनसंख्या का अनुपात उल्लेखनीय है, में समावेशी शासन की दिशा में निरंतर प्रयास हो रहे हैं।

# सीएचसी में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गोईलकेरा :** प्रखंड में सीएचसी में हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन जिसमें रक्तदाताओं ने रक्तदान कर दिया बेहतर संदेश। गोईलकेरा में आज इस रक्तदान शिविर का उद्घाटन बीस सूत्री के अध्यक्ष अकबर खान के द्वारा विधिवत फीता काट कर किया गया।

इस अवसर पर बीस सूत्री के अध्यक्ष श्री खान ने कहा कि- रक्त हमारे जीवन में काफी महत्वपूर्ण है और रक्त की भरपाई रक्त से ही होती है इसलिए हमें रक्तदान अपने जीवन में अवश्य करना चाहिए इस अवसर पर चिकित्सा प्रभारी जयश्री किरण पारदीया ने कहा कि- रक्तदान जीवन दान माना जाता है इसके प्रमुख वजह यह है कि रक्त का कोई विकल्प नहीं होता और रक्त की जरूरत पड़ने से हमें मानव रक्त की ही आवश्यकता पड़ती है इसलिए हमारा दायित्व और कर्तव्य है कि हम अपने जीवन में रक्तदान अवश्य करें और लोगों की प्राणों की रक्षा करें। इस अवसर पर मुख्य रूप से गणेश प्रसाद, कुमार विशाल जायसवाल तथा नर्स ज्योति नायक के अलावा काफी संख्या में स्वास्थ्यकर्मी और कर्मचारी गण भी उपस्थित थे। आयोजित इस रक्तदान में लोगों में व्यापक रूप से उत्साह देखा गया।

# तेज रफ्तार बना सड़क दुघर्टना का कारण हेलमेट नहीं पहनने से होती है मौतें

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**गुमला :** जिला अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में वाहन चालकों द्वारा तेज रफ्तार से वाहन चलाने के विभिन्न आकार प्रकार के वाहन प्रतिदिन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं, पालकोट थाना अंतर्गत स्थित सेमरा जंगल के समक्ष 18 चक्के वाला पाईप लोड लाइन ट्रक - ट्रेलर अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पल्टा उक्त ट्रक - ट्रेलर चालक और उपचालक बाल बाल बचे, इसके अलावा नाबालिग और बालिग के माता-पिता और परिजन अपने बच्चों की जिद पर फोर व्हीलर और टू व्हीलर वाहन खरीदतो देते हैं पर इसका परिणाम क्या होगा इसके बारे में नहीं सोचते हैं , फलस्वरूप उक्त बच्चे बच्चियां बिंदास होकर तेज रफ्तार से वाहन चलाते हैं और परिणाम होता है, सड़क दुर्घटना , कभी-कभी उक्त दुर्घटनाएं जानलेवा भी साबित होते हैं , अतः माता-पिता परिजन और अभिभावक इस ओर अवश्य ध्यान दें, कल देर संध्या पंसो बाजार टांड़ के समक्ष दो अज्ञात बाइक सवार युवक काफी तेज रफ्तार से बाइक चलाते वक्त उक्त बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर पल्टा और उक्त बाइक में सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें आनन-फानन में इलाज के लिये गुमला सदर अस्पताल भेज गया हैं, जहां डॉक्टरों के देखरेख में उनका इलाज चल रहा हैं।

### नियमित वाहनों की जांच करें : उपायुक्त

**दुमका :** समाहरणालय के सभागार कक्ष में शनिवार को जिले केउपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे द्वारा जिले में हुए सड़क दुर्घटनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने को लेकर चर्चा की गई। निदेश दिया गया कि नियमित वाहनों की जांच करें एवं नियम का पालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई सुनिश्चित करें।समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारी को लंबित हिट एंड रन मामलों पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में उपस्थित थाना प्रभारियों को नियमित रूप से दो पहिया एवं चार पहिया वाहन जांच अभियान चलाकर नियमानुसार जुमार्ना करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने जांच में हेलमेट ना पहनने, शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालक की भी जांच करने तथा कारवाई करें एवं ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन हेतु जिला परिवहन पदाधिकारी को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

### शशि संगीता ने गुमला में भार एवं माप पदाधिकारी के रूप में कार्यभार संभाला

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**गुमला :** गुमला जिले में नवपदस्थापित भार एवं माप पदाधिकारी के रूप में शशि संगीता ने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। शशि संगीता एक अनुभवी और दक्ष प्रशासनिक अधिकारी हैं। भार एवं माप विभाग उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा तथा व्यवसाय में मानक और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने नवनियुक्त अधिकारी को शुभकामनाएँ देते हुए आशा व्यक्त की है कि शशि संगीता जिले में माप - तौल की मानक व्यवस्था सुनिश्चित करने, व्यापारिक अनुशासन बनाए रखने तथा आम नागरिकों के हितों की रक्षा हेतु सक्रिय भूमिका निभाएंगी।

### युवक ने लगायी फांसी, मौत

**गिद्धौर (चतरा):** थाना क्षेत्र के इंदिरा गांव निवासी शंभू यादव के पुत्र मिथिलेश कुमार यादव (20 वर्ष) ने शुक्रवार को देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया।बताया जाता है कि शुक्रवार की रात लगभग 8:00 बजे मिथलेश अपने घर से निकला। कुछ देर बीत जाने के बाद घर वाले उसे ढूंढने लगे तो गांव के ही एक व्यक्ति ने बताया के मिथिलेश के हाथ में रस्सी था और वो रेलवे लाइन की तरफ जा रहा था। आनन फानन में परिजन जब तक युवक के पास पहुंचते। तब तक बहुत देर हो चुकी थी और युवक अपने घर से लगभग 200 मीटर की दूरी पर रेलवे में विद्युत आपूर्ति के लिए बने लोहे के पोल पर रस्सी के फंदे में झूला हुआ था।युवक को इस हालत में देख घर वाले काफी परेशान हो गए।मृत युवक को जल्दबाजी में पोल से उतारने के लिए परिजनों ने अचानक रस्सी को काट दिया जिससे मृत युवक अचानक जमीन पर गिर गया।जिससे मृत युवक का नाक व ठुड्डी चोटिल हो गया।जिसके बाद परिजन युवक का शव घर ले आए। इस घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को मिली सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता,पुलिस अवर निरीक्षक सुनील कुमार सिंह दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया। पोस्टमार्टम के पश्चात शव परिजनों को शौंप दिया गया।इधर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है वहीं गांव में मातम पसर गया है।वहीं मिली जानकारी के अनुसार यह मामला प्रेम प्रसंग बताया जा रहा है।

# यश भारद्वाज को डीआईजी अजय लिंडा ने दी शुभ कामना और बधाई



**ज्योति पाठक**

झारखंड के लोकप्रिय एवं कर्मठ तथा उपलब्धि भरे कार्यों के लिए पहचाने जाने वाले भारतीय पुलिस सेवा 2008 बैच के आईपीएस अधिकारी एवं डीआईजी अजय लिंडा ने मधूसूदन पब्लिक स्कूल के छात्र एवं झारखंड के वरीय पत्रकार विनय मिश्रा के पुत्र यश भारद्वाज को इंटर के कला संकाय में उत्कृष्ट और बेहतर परीक्षाफल लाने तथा अंग्रेजी में 100 अंक में से 99 अंक लाने पर अपनी शुभकामना दी और कहा कि- आगे की पढ़ाई में भी वो सदैव अव्वल रहे और बेहतर रुप से अध्ययन करे यही उनकी शुभ कामना है। गौरतलब हो कि श्री लिंडा पश्चिम सिंहभूम जिला के लोकप्रिय एसपी एवं कोल्हान के डीआईजी भी रह चुके हैं।

### प्रखंड स्तर पर आयोजित होगा जन शिकायत निवारण दिवस

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित निष्पादन को प्राथमिकता देते हुए एक अहम पहल की गई है। उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर अब प्रत्येक सप्ताह प्रखंड और अंचल स्तर पर *जन शिकायत निवारण दिवस* आयोजित किया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को जिला मुख्यालय तक अनावश्यक यात्रा करने की आवश्यकता न हो और स्थानीय स्तर पर ही उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जा सके। यह निर्णय जिला समन्वय समिति की बैठक में लिया गया, जिसमें यह देखा गया कि बड़ी संख्या में ऐसी शिकायतें जिला जन सुनवाई दिवस में आती हैं, जो प्रखंड या अंचल स्तर पर ही हल हो सकती हैं। इससे आम नागरिकों को समय और पैसे की हानि होती है.

प्रखंडवार निर्धारित जन शिकायत निवारण दिवस इस प्रकार हैंः

गुमला प्रखंडः प्रत्येक शनिवार
रायडीहः प्रत्येक सोमवार
सिसईः प्रत्येक गुरुवार
भरनोः प्रत्येक बुधवार
पालकोटः प्रत्येक सोमवार
बसियाः प्रत्येक शनिवार
कामडाराः प्रत्येक बुधवार
चैनपुरः प्रत्येक गुरुवार
डुमरीः प्रत्येक शुक्रवार
जारीः प्रत्येक शुक्रवार
घाघराः प्रत्येक सोमवार
विशुनपुरः प्रत्येक मंगलवार

उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी निर्धारित दिन को अनिवार्य रूप से कार्यालय में उपस्थित रहकर जनता की समस्याओं की सुनवाई करें तथा उसका शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त यह भी निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक माह कम - से - कम तीन से चार पंचायतों में जन शिकायत निवारण शिविर आयोजित किए जाएं, ताकि पंचायत स्तर तक जन संवाद और समस्या समाधान की व्यवस्था सुदृढ़ हो सके।

सभी प्रखंड और अंचल कार्यालयों को निर्देश दिया गया है कि जन शिकायत निवारण दिवस की सूचना अपने कार्यालय परिसर में स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करें, ताकि आम नागरिकों को इसकी जानकारी सहजता से प्राप्त हो सके।

# साप्ताहिक ई-जनशिकायत निवारण दिवस का हुआ आयोजन

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**गुमला :** गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में आयोजित हुए साप्ताहिक ई-जनशिकायत कार्यक्रम में डुमरी एवं चैनपुर के नागरिकों ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर अपनी समस्याओं को बताया।

कार्यक्रम में चैनपुर एवं डुमरी प्रखंड से लगभग 20 आवेदकों ने अपनी समस्याओं का विवरण दिया। इन समस्याओं में पुल निर्माण,जलमीनार,सड़क निर्माण, मंईया सम्मान योजना,पेयजल समस्या, सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध नहीं, राशन कार्ड में नाम जोड़ने,आवास, जलमीनार मरम्मती एवं अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे शामिल थे। उपायुक्त ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को आवश्यक समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किए जाने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान मुख्य रूप से मईया सम्मान योजना की राशि के सम्बन्ध में कई ग्रामीण महिलाओं ने श्उ के माध्यम से समस्याओं को रखा। इस समस्या के सम्बन्ध में उपायुक्त गुमला द्वारा संबंधित पदाधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिया गया। इसके अलावा भी कई समस्याओं का समाधान प्रखंड स्तरों पर संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से ऑन द स्पॉट किया गया।

उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सभी समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्थानीय रूप से जिन समस्याओं का समाधान किया जा सकता है उसका त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया। इस माह दिनांक 24 मई को भरनो एवं जारी प्रखंड में होगा जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन। जनशिकायत निवारण दिवस का आयोजन प्रत्येक शनिवार को पूर्वाह्न 10:30 बजे से आयोजित की जाती है। जिले के समस्त नागरिक दिए गए तिथि पर अपने नजदीकी प्रखंड कार्यालय में जाकर ई -जन शिकायत निवारण दिवस के कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी समस्याओं को ऑनलाइन माध्यम से उपायुक्त से साझा कर सकते हैं।